ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 25 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-279 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



सुपरहिट होने के बाद भी 'गदर' नहीं दे सका ...

पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### कालू लामा गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कालू लामा (मृत) गिरोह के अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शुभम विश्वकर्मा, रोहित मुंडा और अभिषेक मल्लिक शामिल हैं। रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मल्लिक को बोकारो से और शुभम विश्वकर्मा को रांची से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये अपराधियों से एटीएस और रांची पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

### तारा शाहदेव मामले में कोहली, मुश्ताक की ओर से होगी बहस

**रांची।** सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली और मुश्ताक अहमद की ओर से बहस करने के लिए समय देने की मांग की गयी। इसपर कोर्ट ने दोनों आरोपितों को बहस के लिए एक अगस्त का समय दिया है। कोर्ट ने आरोपितों को एक सप्ताह में बहस पूरी कर लेने का निर्देश दिया है। इस केस में सीबीआई की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। इस मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी।

### देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ कार्रवाई पर 16 अगस्त तक रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने देवघर के डीसी मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे को अगस्त, 2022 में प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर आज आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से समय की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की।

पलामू सांसद ने सदन में उठाया मंडल डैम निर्माण का मामला

## उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना को जल्द पूर्ण कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू प्रमंडल के अति महत्वपूर्ण उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने संबंधी मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि उक्त परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरम्भ हुआ था, जो 1993 तक कार्य जारी रहा, परंतु 1993 के बाद कतिपय कारणों से उक्त परियोजना का कार्य बंद हो गया। वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 1622 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। परियोजना का कार्य वाप्कोस कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री जी ने 5 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की आधारशिला पलामू में जाकर रखी। जिसके बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण का कार्य फिर से शुरू होने की आस जगी, परन्तु मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकारों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां फैल रही है। सांसद श्री राम ने सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मुआवजा की राशि प्रदान कराते हुए उक्त परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने का अनुरोध किया।

## आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडर घायल

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान वन प्रमंडल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट चंद्र प्रताप तिवारी जख्मी हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया है। आईईडी विस्फोट सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे कोल्हान वन प्रभाग के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका गांव के पास एक जंगल में हुआ। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि घायल असिस्टेंट कमांडेंट का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। इससे पहले 17 जुलाई को कोल्हान वन प्रभाग के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीबुरू और कुइदा के बीच एक कच्ची सड़क पर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के एक अधिकारी देवेंद्र कुमार घायल हो गए थे। नक्सलियों ने पूरे कोल्हान प्रमंडल में कई स्थानों पर आईईडी और विस्फोटक बिछा रखे हैं। पुलिस और सीआरपीएफ ने पिछले छह महीने के दौरान इस इलाके से बड़ी तादाद में आईईडी बरामद भी किए हैं। हालांकि इन अभियानों के विस्फोटों में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक सीआरपीएफ जवान घायल हो गए हैं और लगभग एक दर्जन ग्रामीण मारे गए हैं।

मुखिया से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

## मेरे उपर लगे आरोप बेबुनियाद हैं : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के मेराल मुखिया और मुखिया के सहयोगी के द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम मेराल में मेराल के मुखिया छोटू सिंह और उसके सहयोगी उपेंद्र सिंह के द्वारा मेराल राजकीयकृत मध्य विद्यालय के संयोजिका भवानी कुंवर को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बीच सोमवार को भी मुखिया के सहयोगी उपेंद्र सिंह स्कूल में पहुंचकर भवानी कुंवर के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिस वजह से महिला अपने घर पहुंच कर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिस कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों के द्वारा महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं महिला भवानी कुंवर की गोतनी गूंजा देवी ने बताया कि मेराल के मुखिया छोटू सिंह के द्वारा पहले भी भवानी को अपने घर पर बुलाकर उसके साथ मारपीट किया गया था। वहीं मुखिया के सहयोगी उपेंद्र सिंह भवानी को बराबर कहता है कि उसे संयोजिका पद से हटा देंगे। जानकारी के अनुसार महिला भवानी कुंवर के पति किसान थे। जिनका किसी घटना में मृत्यु हो चुकी है। महिला किसी तरह संयोजिका पद पर रहकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। उधर मुखिया छोटू सिंह ने अपने उपर लगे आरोप को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि महिला ने घरेलू विवाद में आत्महत्या का प्रयास किया है।

पलामू में खाना बनाते समय फटा गैस सिलेंडर

# 10 से अधिक लोग घायल, पांच गंभीर

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द जामा मस्जिद के समीप स्थित आजम रिजवी के घर में खाना बनाने के दौरान सोमवार की दोपहर गैस सिलेंडर फट गया। जिससे घर में रखे 70 हजार नगद सहित घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं इस घटना में 10 से अधिक लोग घायल हैं। जिसमें पांच की स्थिति गंभीर बनी है। आग की लपटें तथा विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी लाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सभी घायलों को रेफर कर दिया गया। घायलों में आजम रिजवी के पत्नी गुलसुम आरा 37 वर्ष तथा 8 वर्षीय पुत्री उम्मे हबीबा के अलावे मुहल्ले की ही रशीदा खातून 45 वर्ष, मोहन कुमार 40 वर्ष, अनवर हुसैन 40 वर्ष, रोशन कुमार 35, रूही परवीन 30, रामस्वरूप विश्वकर्मा 60, उम्मे हबीबा 45 पति मकसूद आलम, शौकत आलम 16 का शामिल है। आजम रिजवी ने बताया कि उसकी पत्नी गुलसुम आरा खाना बना रही थी। इस दौरान गैस लीक होकर आग पकड़ लिया। इसे देख शोर मचाने लगी। वहीं शोर सुनकर आसपास के लोग घर के पास इकट्ठा हो गये। तभी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। साथ ही आग की तेज लपटों से उक्त सभी लोग झुलस गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एएसआई संजय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा बचाव कार्य में सहयोग किया। उधर आग से झुलसे लोगों को सीएचसी में लाने के बाद यहां की कुव्यवस्था सामने आई है। सीएचसी में एकमात्र आयुष चिकित्सक डॉ. मोहम्मद शेष पृष्ठ 11 पर

## कृषि व पशुपालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कृषि और पशुपालन के रास्ते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जब तक किसान और पशुपालक सशक्त नहीं बनेंगे, राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे नहीं बढ़ेगा। इस वजह से कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्हें इन योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इस दिशा में धरातल पर ठोस कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें। यह सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट हो सकता है। ऐसे में यहां किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए। किसानों को यहां उन्नत और बहु वैकल्पिक कृषि की जानकारी दी जाए। किसानों को किसान पाठशाला में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं किसानों को अगल बगल के गांवों, प्रखंडों और जिलों का भी भ्रमण कराया जाए, ताकि दूसरे किसानों द्वारा की जाने वाली कृषि कार्यों से भी अवगत हो सकें। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करने के साथ केसीसी लोन उपलब्ध कराने की पहल करें। ऐसा देखा जा रहा है कि केसीसी लोन स्वीकृत करने में बैंक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों से लोन कराने की दिशा में कार्य करें।

**कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को तलाशें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में कई ऐसे कृषि और वनोपज हैं, जिसकी अच्छी पैदावार होती है लेकिन किसानों को उसका उचित लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में इन कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसके निर्यात की संभावनाओं को तलाशें। इसके साथ एग्रो इंडस्ट्रीज को भी बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना बनाएं।

**मौसम के रुख को देखते हुए एक्शन प्लान तैयार करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल मौसम का जिस तरह का रुख देखने को मिल रहा है, उससे किसानों के सामने कई बड़ी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे हालात में नई फसलों या फसल प्रणालियों से कृषि उत्पादन को जोड़ने का एक्शन प्लान तैयार करें। किसानों को वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें इस बाबत तकनीकों की भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलेट्स, दाल और आयल सीड की खेती के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कृषि योग्य भूमि कम हो रही है और किसान भी खेतिहर मजदूर के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। यह कृषि के लिए किसी भी रूप से अच्छा संकेत नहीं है। ऐसे में जो किसान खेतिहर मजदूर बनने को मजबूर है, उन्हें बिरसा हरित ग्राम योजना और नीलाम्बर -पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जोड़ें।

## झारखंड में पेपर लीक करने पर एक करोड़ जुर्माना, 10 साल की जेल, ड्राफ्ट तैयार

**रांची।** प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल पर अंकुश के लिए झारखंड सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। इसके तहत पेपर लीक करने के दोषियों पर एक करोड़ का जुर्माना, 10 साल की जेल और दस लाख रुपए तक जुर्माना लगाने का प्रावधान होगा। नकल करने वाले परीक्षार्थियों पर भी एक लाख जुर्माना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान होगा। सरकार ने नकल विरोधी कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इससे संबंधित विधेयक इसी महीने होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेश किया जाएगा। ड्राफ्ट के मुताबिक, पेपर लीक करने के दोषी व्यक्तियों, प्रिंटिंग प्रेस, कोचिंग संस्थान, सर्विस प्रोवाइडर, प्रबंधन की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। इसी तरह कोई छात्र नकल का दोषी पाया जाता है तो उसे अगले दो साल तक प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने से डिबार किया जाएगा। सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले हफ्ते एक जनसभा में भी कहा था कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता से आयोजित हों और किसी भी मेधावी अभ्यर्थी के साथ अन्याय न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हम नकल विरोधी कानून ला रहे हैं। बता दें कि फिलहाल राज्य में झारखंड एग्जाम कंडक्ट रूल 2001 लागू है, जिसके तहत पेपर लीक और नकल के मामलों में मामूली दंड और जुर्माने का प्रावधान है।

## गैंग्स ऑफ एदलहातु पहुंचा सलाखों के पीछे कुख्यात बीड़ी, मल्लिक व विश्वकर्मा गिरफ्तार

**रांची।** पिछले एक साल से रांची पुलिस के लिए वांटेड बने कुख्यात रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। बीड़ी के साथ साथ कुख्यात मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा भी पकड़े गए है। तीनों को रांची पुलिस और एटीएस की संयुक्त कारवाई में गिरफ्तार किया गया है। एटीएस सूत्रों ने तीनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**बोकारो से बीड़ी और मल्लिक ,रांची से विश्वकर्मा :** राजधानी के एदलहातु बेखौफ हो कर तीन हत्या और कई गोलीबारी की वारदात को अंजाम देने वाले रोहित मुंड उर्फ बीड़ी, शुभम विश्वकर्मा और अभिषेक मल्लिक को एटीएस ने रांची पुलिस के सहायता से गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार रोहित मुंडा और अभिषेक मल्लिक को बोकारो से गिरफ्तार किया गया है वही शुभम विश्वकर्मा को रांची से गिरफ्तार किया गया है। रोहित मुंडा और अभिषेक मल्लिक रांची पुलिस के वांटेड 120 की लिस्ट में शामिल थे। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को हरमू मुक्तिधाम से शुभम विश्वकर्मा को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एटीएस को यह जानकारी मिली कि बीड़ी और मल्लिक बोकारो में पनाह लिए हुए है.जिसके बाद आनन फानन में एटीएस और रांची पुलिस की एक टीम रविवार की देर रात बोकारो पहुच गई ,जहां सेक्टर आठ के एक मकान में पनाह लिए बीड़ी और मल्लिक को बोकारो पुलिस की सहायता से धर दबोचा गया।

कार्यक्रम — मुख्यमंत्री ने नव प्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को बैच लगाकर किया सम्मानित, बोले

# प्रोन्नति की रुकावटें हो रही दूर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में नवप्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 पुलिस अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए सुनहरा अवसर तथा ऐतिहासिक क्षण है, जब झारखंड पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में कई बार फाइल मूवमेंट के समय अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि राज्य पुलिस सेवा के प्रोन्नति से संबंधित फाइल सांप-सीढ़ी की तरह ऊपर-नीचे हो रही है। कार्यपालिका नियम-कानून के तहत अपना कार्य कर रही है, परंतु प्रोन्नति से संबंधित फाइल तेज गति से आगे नहीं बढ़ रही है। मेरी जिज्ञासा थी कि आखिर प्रोन्नति कब मिलेगी, राज्य सरकार द्वारा इस पर गंभीरता पूर्वक कार्य किया गया आज प्रोन्नति का सुखद क्षण हमारे बीच आया और राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में प्रोन्नति मिलने का सपना पूरा हुआ है।



### झारखंड में पहली बार एक साथ 24 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी आईपीएस में प्रोन्नत हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यह क्षण आया है जब इतनी बड़ी संख्या में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हुए 24 अधिकारियों में से दो ऐसी महिला अधिकारी सरोजिनी लकड़ा एवं अमेल्डा एक्का हैं, जो महज कॉन्स्टेबल पद से आईपीएस बनने तक का लम्बा सफर तय किया है। इन दोनों महिला आईपीएस अधिकारियों का सफर राज्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत एवं मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 158 आईपीएस के पद निर्धारित हैं, जिसमें से 110 पद सीधे यूपीएससी से रिक्रूट होते हैं, वहीं 48 पदों पर राज्य पुलिस सेवा के पदाधिकारी प्रोन्नत होकर आईपीएस सेवा में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आज जो नव प्रोन्नत 24 आईपीएस अधिकारी राज्य को मिल रहे हैं, ये झारखंड में विधि-व्यवस्था संधारण में मजबूती लाने के साथ-साथ पुलिस विभाग में अधिकारियों की कमी को कुछ हद तक भरने में सहायता प्रदान करेंगे।

**राज्य सरकार के कर्मियों को उनका अधिकार देने का काम कर रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शुरूआती दिनों से ही राज्य में विभिन्न सेवा के कर्मियों एवं पदाधिकारियों को उनके हक और अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई संवर्गों में तो लोग प्रभारी के रूप में कार्य करते-करते सेवानिवृत्त हो शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया' को बचाने के लिए कांग्रेस को नये सहयोगियों के लिए देनी होगी कुर्बानी

## सीट शेयरिंग पर फंस सकता है पेंच

**नई दिल्ली।** देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत से दूर रखने के लिए उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में बड़ा दिल दिखाते हुए छोटे दलों के लिए बलिदान देने की जरूरत है।कांग्रेस अब तक दो बड़ी विपक्षी बैठकें आयोजित करने में कामयाब रही है - एक बिहार में और दूसरी कर्नाटक में। इन बैठकों का मुख्य आकर्षण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन' या 'इंडिया' करना था। कांग्रेस 2019 के लोकसभा चुनाव में 421 सीटों पर लड़ी थी और 373 पर भाजपा से उसकी सीधी टक्कर थी। वहीं भाजपा ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था जबकि बाकी सीटें पर उसके गठबंधन सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था। पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद सबसे पुरानी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में केवल 52 सीटें जीतने में सफल रही। चार साल बाद, 2023 में, कांग्रेस लोकसभा चुनावों में लगातार दो बड़ी हार झेलने के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए से मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों को एक साथ लेकर आई है। इनमें वे दल शामिल हैं जिनका कुछ राज्यों में मजबूत आधार है जबकि अन्य दलों के पास राज्य विधानसभाओं या संसद में कोई विधायक या सांसद नहीं है। बिहार और कर्नाटक में दोनों विपक्षी बैठकों का हिस्सा रहे एक पार्टी नेता ने कहा कि 26 विपक्षी दलों को एक साथ लाना लोकतंत्र और संविधान को बचाना है जिस पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि विचार यह है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के वोटों में बिखराव को रोका जाए। उन्होंने कहा कि ये सभी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के रथ को रोकने के लिए एक साथ आए हैं जो 542 सीटों में से 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा। अकेले भाजपा ने 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीती थीं। पार्टी नेता ने कहा कि 2019 में भाजपा के खिलाफ सीधे चुनाव लड़ने वाली सीटों को देखते हुए पार्टी में विस्तृत चर्चा चल रही है और वह अभी भी देश भर में कम से कम 400 सीटों पर लड़ने की कोशिश करेगी। इस बीच, पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि बैठक के बाद एक सुखद तस्वीर पेश करने के बावजूद आगे की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत गंभीर बातचीत की आवश्यकता है जिसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।उन्होंने कहा कि एक साथ तस्वीरें खिंचवाने का विकल्प तभी काम करेगा जब पार्टियां बड़े दिल से बलिदान, समायोजन और सीट साझा करने के लिए तैयार होंगी, जिसके लिए बहुत नाजुक विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी।

NEWS इन ब्रीफ

## अल्ट्रासाउंड सेंटर का भाजपा नेत्री ने किया उद्घाटन

**पांकी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र निदेशक भारत सरकार अंतर्गत पूर्व जिला पार्षद नमिता देवी उर्फ लवली गुप्ता ने पांकी बाजार स्थित जेडी कॉम्प्लेक्स में भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि पांकी में एक भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं होने के कारण यहां के लोगों को जांच हेतु मेदिनीनगर जाना पड़ता था। मौके पर, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, उपमुखिया अनारिक राम ,भाजपा के मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह , महामंत्री श्यामनंदन ओझा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, समाजसेवी अखिलेश ठाकुर, गोविंद प्रसाद ,चंदन गुप्ता, सुमित सिन्हा, शुभम गुप्ता, रवि गुप्ता, जेडी माली, गिरधारी माली सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मुहर्रम की बाबत बैठक, शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने का निर्णय

### अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है : थाना प्रभारी

### किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मानने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का फैसला लिया गया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है। इसलिए किसी भी तरह का अफवाह नहीं फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान पुलिस गशती बढ़ा दी गई है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। मौके पर शिक्षाविद अशोक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पांडेय, गुड्डु, विजय कुमार रवि, अरविंद पांडेय, आजम सिद्दीकी, यदुनी राम, मो. सत्तार खलीफा पेंटर जिलानी, सलीमुदीन अंसारी, बिहारी लाल गुप्ता, हरिकृष्ण सिंह, राजकुमार मेहता, इदरीस हवरी, विजय सिंह, एएसआई संजय सिंह, राजकुमार चौधरी, महेंद्र चौधरी, सोना देवी, देवनाथ यादव, इम्तियाज अंसारी, सुरेंद्र मेहता,गफूर अंसारी, मसीर खलीफा सूर्य कुमार ठाकुर,तस्लीम अंसारी, चंद्रदेव चौधरी सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

# 14 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव में एक 14 वर्षीय किशोर ने रविवार की देर रात फांसी लगाकर खुदखुशी करने का प्रयास किया। लेकिन समय रहते परिजनों ने उसे फंदे से उतार लिया और तत्काल उसे गंभीर अवस्था में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिती को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दीया। इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी उसके परिजनों से ली। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सलैया टीकर गांव निवासी मुन्ना साव का 14 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार को घर के अन्य सदस्यों को रात का भोजन खिलाने की बात कहीं गई। उस समय वह मोबाइल देख रहा था, उसी बात से नाराज होकर घर के बाहर दीवार में लगे लोहे की मजबूत कील में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।

# बीडीसी की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीसी की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने की तथा संचालन बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रखंड विकास, कृषि सहित विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, एसआई प्रकाश गुप्ता, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीएओ ब्रजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, जेई विपिन राय, ब्लॉक कोर्डिनेटर अजीत कुमार, पंसस शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शीलू सिंह, मनीता देवी, बासुदेव राम, बीआरपी अनुज मिश्रा, सीआई प्रगति प्रकाश, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रारंभ हुई। यह प्रदर्शनी भारत सरकार, झारखंड सरकार तथा श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र पटना के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। इसके तहत क्विज प्रतियोगिता में सीता प्लस टू उच्च विद्यालय तथा बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय प्रसाद राय ने कहा कि इस प्रदर्शनी से छात्र-छात्राओं को विज्ञान की सटीक जानकारी मिलेगी तथा जादू टोना जैसे अंधविश्वास के भ्रम दूर होंगे। संस्थान के रितेश रंजन, चंदन राय, नवीन कुमार ने बताया कि मंगलवार को वाहन पर लगे उपकरण का प्रदर्शन तथा उसक ी विधि और कार्य को बताया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव, नागदेव यादव, नीरज सिंह, गोपाल शरण राणा, कन्हैया प्रसाद, भरदुल पासवान, अनूप कुमार, अमित सुप्रियरंजन भारती, डॉ राजकुमार तथा आलोक कुमार मौजूद थे।

## हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य ने किया शिव मंदिर का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड राज्य हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी सोमवार को इस क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के भ्रमण के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान ऐतिहासिक भीमचुल्हा शिव मंदिर व पर्यटक स्थल पर भी पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान शिव की आराधना की। पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि बोर्ड के सदस्य ने ऐतिहासिक भीमचुल्हा के विकास से प्रभावित होते हुए इसे और विकसित करने के लिए यहां के शिव मंदिर को हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के तहत पंजीकृत कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सभी हिंदू धार्मिक स्थलों के उद्धार करने की दिशा में काम शुरू किया है। उनके यहां पहुंचने पर भारी संख्या में मौजूद झामुमो नेताओं और कार्यकताओं ने फुल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ झामुमो के जिला सचिव सानू सिद्दीकी , उपाध्यक्ष कमाल खान, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता, मुन्ना सिन्हा , जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह के अलावा अशोक कुमार सिंह , दिनेश पासवान अमित सिंह और विजय प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।

## मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन, आजम सिद्दीकी बने सदर

# जुलूस को इस बार भव्य रूप से निकालने का निर्णय लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद के दर्जी मुहल्ला में दर्जन भर अल्पसंख्यक गांव के ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में विश्रामपुर, डीहरिया, झगरुआ, उरसुला, पांडेपुर, कविलाश, निमिटाड़ी सहित दर्जनभर गांव के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर इस्माइल खलीफा ने किया। मुहर्रम पर्व को धूमधाम से मनाने व मुहर्रम जुलूस को इस बार भव्य रूप से निकालने का निर्णय लिया गया। मुहर्रम जुलूस के सफल आयोजन व संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के प्रखंड सदर आजम सिद्दीकी को बनाया गया। जबकि मिनहाज अंसारी को सेकेट्री व जसमुद्दीन अंसारी को खजांची का पदभार सौंपा गया। वहीं 12 लोगो को मेंबर में रखा गया है। बैठक में गयासुद्दीन अंसारी, रफीक मास्टर, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, सैकत खलीफा, सफी आलम, अमीन अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, हकीम अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, सुलेमान अंसारी, डॉ समीर अंसारी, सलीम अंसारी, भट्ठू अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, मनु खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीलर एसोसिएशन संघ, हुसैनाबाद का पुर्नगठन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय के समीप पंच सरोवर मंदिर परिसर में सोमवार को फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन संघ की बैठक हुई। बैठक में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन मेहता ने की। बैठक में जनवितरण प्रणाली डीलरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही संघ का सर्वसम्मति से पुर्नगठन किया गया। जिसमें नये अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह बने। बैठक में उपाध्यक्ष, मिथिलेश राम, विजय कुशवाहा, उमेश पासी, महासचिव विमलेश कश्यप , सचिव उदय प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष जमील अहमद , मीडिया प्रभारी प्रवीन चौधरी, के अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों में रामजन्म सिंह, सूर्यनाथ राम, नरेश प्रसाद मुख्य रुप से शामिल थे॥

## थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में भी मुहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बीडीओ रतन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, थाना प्रभारी जगरनाथ धान, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रतिनिधि हसनैन जैदी,मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, ग्यासुद्दीन सिद्दिकी सहित क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध वर्ग के लोग शामिल हुए। बीडीओ रतन कुमार ने मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्द का प्रतीक है।उन्होंने शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी तरह के व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कारवाई की जाएगी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, बजरंग दल के आलोक केशरी, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, बिमलेश पासवान, अशोक यादव,सुहैल आलम, उदय सोनी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की कमिटी का विस्तार

**नौडीहा बाजार।** पलामू के नौडीहा बाजार प्रखंड में झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन का कमिटी विस्तार सोमवार को जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। बैठक का संचालन सचिव असगर अंसारी के द्वारा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन नौडीहा बाजार का प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव को मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार सचिव मनीष कुमार कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार को पद पर मनोनीत किया गया। नए पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष के द्वारा पत्रकार के हित में एवं झारखंड जनरलिस्ट एसोसिएशन के तहत एकत्रित एवं एकजुटता पर संगठन कैसे मजबूत हो उसकी मजबूती एव अंचली पत्रकार को कैसे मजबूत कर संगठन कैसे चले आदि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर जेजेए जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सचिव असगर अंसारी, महासचिव नीतीश कुमार, दीपक तिवारी, पत्रकार अजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, नौडीहा अध्यक्ष पप्पू यादव, उपाध्यक्ष विश्व प्रेम कुमार, सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पत्रकार यमुना यादव, सत्येंद्र चौरसिया अन्य मौजूद थे।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मोहम्मदगंज।** मुहर्रम को लेकर मोहम्मदगंज थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रभाकर ओझा व संचालन थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने किया। बैठक में शामिल सभी समुदाय के लोगो ने मुहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने का निर्णय लिया।इस दौरान होने वाली जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने की सहमति व्यक्त की गयी। मौके पर सीओ यसवंत नायक, सीबी रमन सिंह, जियाउद्दीन खान, महेंद्र प्रसाद सिंह, बाबर अंसारी, शमसुद्दीन खान, तस्लीम परसुराम सिंह, जावेद खान,असलम अंसारी, बबन दे० भारती, जावेद खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**Office of the Executive Engineer**
**Swachh Bharat Mission (Gramin)**
**Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.**
**Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114**
**Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24 Date-22.07.2023**

**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/ Community/Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entreprencurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the **Garhwa District website: garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

| | |
|---|---|
| **Location -** | **(1) Block-Garhwa, Panchayat-Jata, Village-Jata**<br>**(2) Block-Bhawnathpur, Panchayat-Arsali (S),Village-Arsali (S)**<br>**(3) Block-Meral, Panchayat-Meral (East), Village-Meral East** |
| **Last date and time for Submission of bids -** | **31.07.2023 at 4:00 P.M.** |

**Executive Engineer**
**Swachh Bharat Mission (Gramin)**
**Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.**

PR.NO.303069 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा**
Email - lohardagadaho@gmail.com

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति और स्थानीय जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/बैंक खाता पासबुक की स्व–हस्ताक्षरित छाया प्रति/विकलांग प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर **संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक–14.08.2023 के अपराहन् 05:00 बजे** तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

| क्र.सं0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना | 24,800/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 2 | सूकर विकास योजना | 57,800/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 3 | बैकयार्ड लेयर(लो–इनपुट) कुक्कुट पालन | 1,18,200/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67,500/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण योजना | 1,700/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |

**विभागीय राज्यादेश सं0–10रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 के अनुसार अहर्ता/नियम व शर्तें :–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुसंशा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS के परिमापित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि चयनित लाभुकों को DBT के माध्यम से Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी।
- अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही जिला के पदाधिकारी अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित करेंगे। तत्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी।
- पंचायत स्तरीय समिति /ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/Dedicated Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन /पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदन एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर (लो–इनपुट) कुक्कुट पालन और ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड का निर्माण मनरेगा के तहत की जाएगी ।
- योजनान्तर्गत पशु /पक्षियों की आपूर्ति अंतिम रूप से चयनित लाभुकों का निर्धारित प्रावधान के तहत किया जाएगा।

**जिला पशुपालन पदाधिकारी**
**लोहरदगा**

PR303098 (Lohardaga)23-24*D

**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

**खुली डाक से अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्ष के लिए खुले डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु दिनांक 16/08/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 21/08/2023 या इसकी अंतिम तिथि 25/08/2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल – पाँकी | | | |
| 1 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 2 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 3 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 4 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 5 | नवाडीह आहर | 34 | 387 | 3.26 | 2.30 | 12000.00 |
| 6 | कोटेया तालाब | 27 | 148 | 2.51 | 2.22 | 51500.00 |
| 7 | खाप तालाब | 43 | 179 | 0.52 | 0.37 | 3000.00 |
| 8 | कामत तालाब | 158 | 1383 | 2.32 | 2.27 | 35500.00 |
| 9 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 10 | लोहरसी तालाब | 122 | 1314 | 0.86 | 0.60 | 62100.00 |
| 11 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 12 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 13 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | |
| 14 | उली पहाड़ी तालाब | 45 | 359, 360 | 2.42 | 2.00 | 12000.00 |
| 15 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 16 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 17 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 18 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| | | | अंचल – पाण्डू | | | |
| 19 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| | | | अंचल – मनातू | | | |
| 20 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |
| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल – छत्तरपुर | | | |
| 21 | खजुरिया बाँध | 192 | 1400, 1401, 1402, 1403, 1404 | 9.72 | 8.00 | 60000.00 |
| 22 | करमाकला तालाब | 32 | 184 | 0.70 | 0.50 | 12000.00 |
| 23 | कंचनपुर आहर | 01 | 229 | 1.50 | 1.10 | 6500.00 |
| | | | अंचल – हरिहरगंज | | | |
| 24 | तेन्दुआकला तालाब | 45 | 04 | 3.45 | 3.00 | 10000.00 |
| 25 | ढेकचा आहर | 81 | 4, 5 | 4.86 | 3.56 | 10000.00 |
| | | | अंचल – लेस्लीगंज | | | |
| 26 | बाँसडीह तालाब | 59 | 427 | 2.50 | 1.70 | 8000.00 |
| 27 | महुँगाई तालाब | - | - | 7.00 | - | 11000.00 |
| 28 | अम्बा मछली घाट | 01 | 75 | 2.40 | 1.60 | 3000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्त निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 303077 Fish (23-24)_D

# सावन की तीसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सावन के तीसरे सोमवार को शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने आस्था के साथ भगवान नीलकंठ महादेव को सुख समृद्धि और निरोगिकाया की मनोकामना लिए शिवलिंग में जलाभिषेक कर बेलपत्र अर्पित किए।भक्तों द्वारा दूग्धाभिषेक कर भगवान शिव को प्रसन्न किया गया। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे से शहर का हर शिव मंदिर गूंजता रहा। बताते चलें कि मंदिर में पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ लगी थी। सुबह-सुबह स्नान कर श्रद्धालु भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाया। सोमवार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। सोमवार को ले शिवालयों की साफ-सफाई तथा मंदिरों में साज-सज्जा की भी तैयारी की गई थी। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं के अनुसार सोमवार की सुबह चार बजे से ही भक्तों के मंदिर में आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान हॉस्पिटल चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जलार्पण करने उमड़ पड़ी। मंदिर के बाहर धतूरा, बेलपत्र, फूल की खूब बिक्री हुई । क्योंकि हर कोई भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उन्हें उनकी प्रिय वस्तु चढ़ाकर आशीर्वाद लेना चाहता है।

# सदर अस्पताल में पाकेटमार महिला का पैसा लेकर चंपत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल में फिर सोमवार को एक महिला का झोला काटकर झोले में रखे पैसे को निकालकर पाकेटमार फरार हो गए। जानकारी के अनुसार तरहसी थाना क्षेत्र के निवासी गुड्डू भुइयां की पत्नी सुशमी देवी सोमवार को सुबह 10:00 बजे सदर अस्पताल के महिला वार्ड 46 नंबर में अपना इलाज कराने पहुंची थी। इसी बीच पाकेटमारों ने उनके झोला को काटकर झोला से रखे पैसे को निकाल कर फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर चोरी की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। जांच के उपरांत टाइगर मोबाइल के जवानों ने शक के आधार पर दो युवकों पकड़ा। जिसमें एक व्यक्ति बालिक और दूसरा नाबालिक है दोनों को पुलिस पकड़ कर पूछताछ कर रही थी।इसी दौरान पुलिस से हाथ छुड़ाकर एक चोर फरार हो गया। पता चला कि फरार शोर रेलवे स्टेशन पहुंचा हुआ है रेलवे स्टेशन पर भी उसकी खोजबीन की गई परंतु उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं पकड़े गए नाबालिक चोर ने बताया कि एक महिला का पर्स उसने चोरी किया था उसमें 600 थे। इस घटना के बाद से पुलिस जोर से गहन पूछताछ कर रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाजार व्यवसायी एकता मंच का प्रतिनिधि मंडल एसडीओ से मिला

**मेदिनीनगर।** बाजार व्यवसाई एकता मंच के बैनर तले अनुमंडल पदाधिकारी से मंच के व्यवसायी एवं स्थानीय लोग मिले। एसडीओ साहब ने कहा कि मैं 5 दिन से छुट्टी पर था, बहुत जल्द इस समस्या का निदान कर दूसरी जगह थोक सब्जी बाजार शिफ्ट कराया जाएगा। इसके लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द थोक सब्जी बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। एकता मंच से दुर्गा प्रसाद जोहरी ने सारे विषय को एसडीओ साहब के सामने रखा! साथ में धीरज गुप्ता ,पी के बुराल ,टिंकू सिंह, गोल्डन अंसारी, प्रकाश सिन्हा, एस. के. बुराल ,अमित शरण विवेक पांडे, अभय सिन्हा,प्रदीप बुराल,अमित कुमार थे। व्यवसाई एकता मंच ने कहा कि यदि थोक सब्जी बाजार को नहीं हटाया गया तो मंच अनिश्चित कालीन धरना एवं लोकतांत्रिक तरीके से एवं कानून संगत तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगा।

# कांग्रेस कार्यकारिणी में पंचायतों में काम पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद विधानसभा के नगर, हैदर नगर, मोहम्मदगंज प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रभारी नवल किशोर पाठक एवं हसन जैदी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शंभू सिंह ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जुझारू तेवर के साथ 2024 को लक्ष्य लेकर पंचायतों में काम करें कांग्रेस कार्यकर्ता। भारतीय जनता पार्टी को जवाब देने का समय आ गया है। देश की जनता समझ चुकी है कांग्रेश के नेतृत्व में ही संविधान और लोकतंत्र बचाया जा सकता है। देश महंगाई की आग में जल रही है देश के युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं। मोदी सरकार अलग अलग तरीके से जन जन के नेता हम सभी के नेता राहुल गांधी को परेशान करने के लिए षड्यंत्र कर रही है। जिसका जवाब देश की जनता 2024 के लोकसभा में देगी। मौके पर अवध बिहारी सिंह, अर्जुन सिंह, गुप्तेश्वर पांडे ,अवधेश सिंह, शंभु सिंह ,रंजीत पासवान ,नदीम खान ,मालती देवी, मीना देवी, शैलेश सिंह, बिग पासवान ,महताब खान, रामसुंदर राम, अम्बिका सिंह, सिधेश्वर सिंह, यासिर अरब खान, जगदीश पासवान एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पाँच वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण का पहला चरण 7 अगस्त से

### उप विकास आयुक्त ने शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने मिशन इंद्रधनुष के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक की। एनआईसी के सभागार में आयोजित इस बैठक में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाईजेशन से आए प्रतिनिधि ने पीपीटी के माध्यम से मिशन इंद्रधनुष के बारे में टास्क फोर्स के सदस्यों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत एक से 5 साल तक के बच्चों को खसरा, रूबेला, निमोनिया, काली खांसी टेटनस आदि बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। इस अभियान की शुरूआत देशभर में 7 अगस्त से की जाएगी, इसी के तहत पलामू में भी इसका शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान 3 चरणों में चलाया जाएगा जिसके तहत पहला चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त आनंद ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग की तरह कार्य करने एवं समाज कल्याण, शिक्षा, जनसंपर्क सहित अन्य विभागों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर्स, और एएनएम आपसी समन्वय से कार्य करेंगे तो परिणाम और बेहतर आयेंगे। इसके अलावे डीडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम दीपक को छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करते हुए टीकाकरण कराने हेतु कई निर्देश दिये। मौके पर उपरोक्त के अलावे प्रशिक्षु आईएएस, कई प्रखंड विकास पदाधिकारी, कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी, एल एस समेत अन्य उपस्थित थे।

### विधायक करेंगे जादू शो का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन हॉल में जादूगर आर सरकार का जादू शो 25 जुलाई से शुरू होगा । इसका उदघाटन स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया करेंगे। जादू की इस शो में रोमांचित करने वाले जादू दर्शकों को दिखाया जायेगा । दर्शकों को जादू शो के दौरान मंच पर खूंखार डायनासोर देखने को मिलेगा साथ ही नोटों की बारिश की जाएगी और स्टेचू ऑफ लिबर्टी को गायब किया जायेगा। वही अनार कली और सलीम की प्रेम कहानी जो दर्शकों को काफी आकर्षित करेगा। जादू रोजाना 3 शो में दिखाया जाएगा।पहला शो 12 बजे से, दूसरा शो 3 बजे से और तीसरा शो संध्या 6:00 बजे से चलेगा । टिकट की दर 70 रुपये से 300 रखा गया है । यह जानकारी जादू शो के जादूगर राकेश कुमार एवं प्रबंधक प्रेम धनराज ने दी है।

# आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन सफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**आजसू पार्टी पलामू प्रमंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन सफल रहा। सुदेश कुमार महतो का प्रमंडल में पहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल व चरचकिया वाहन से उनकी आगवानी की। कार्यक्रम से पूरा शहर इस बीच अस्त व्यस्त रहा। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद परिसदन भवन में प्रमंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रमंडल के सभी गांवों में सरकार की असफलता को जन जन तक पहुंचाने व आजसू पार्टी के राज्य के बिकास की योजना से अवगत कराने का मंत्र दिया गया। जिनका केन्द्रीय अध्यक्ष ने स्वागत किया। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार मे जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और सरकारी कर्मी व सरकार में शामिल विधायक मंत्री राज्य की लूट मे शामिल हैं। जल, जगंल, जमीन की बात करने वाली सरकार में माफिया भ्रष्टाचारियों की चांदी है। केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार व पूर्व विधायक व पलामू जिला प्रभारी शिव पुजन मेहता ने पलामू के समाजिक राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि पलामू प्रमंडल को पलायन अभिशाप में मिला है। कार्यक्रम में डा0 देवशरण भगत, हसन अंसारी डा0 दीपक कुशवाहा रौशन लाल चौधरी लाल गुड्डू नाथ सहदेव शंकर विश्वकर्मा गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा लातेहार जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय दिलीप चौधरी, पंकज तिवारी व पार्टी के केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी विकेश शुक्ला, डा0 अफजल अंसारी, नन्दु ठाकुर, संतोष केशरी, जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला, जिला कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता, बबलू गुप्ता व सभी केन्द्रीय सचिव व पलामू गढ़वा लातेहार के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। हजारों की संख्या में अनुसांगिक इकाई महिला छात्र बुद्धिजीवी मंच अल्पसंख्यक मोर्चा पिछड़ा वर्ग महासभा के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला में मणिपुर व वर्तमान राजनीति पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू के द्वारा संचालित सांस्कृतिक 14 वीं कड़ी की प्रक्रिया मुख्य रूप से मणिपुर की घटना और वर्तमान राजनीति पर केन्द्रित रही। पाठशाला में आयोजित चर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ कलाकार प्रेम प्रकाश भसीन एवं अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने की। विषय प्रवेश रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने कराया। पाठशाला में उपस्थित सभी लोगों ने मणिपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया । लोगों ने कहा कि मणिपुर की घटना झूठ, नफरत और लाशों की राजनीति का परिणाम है। 2024 के चुनाव में इस तरह की घटना दोहराए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने मणिपुर की घटना से आम अवाम को जागरूक करने पर जोर दिया गया।चर्चा के दौरान डॉक्टर अशरफ जमाल, शिक्षक नितेश कुमार यादव, अविनाश, राजीव रंजन, केडी ओझा, अच्छेलाल प्रजापति वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अधिवक्ता नंदलाल सिंह ने अपने विचार प्रकट किये। वहीं केडी सिंह ने सभी वाक्य के वक्तव्य को समेकित करते हुए कहा कि झूठ, नफरत और लाशों की सीढ़ी लगाकर सत्ता हासिल करने वालों का परिणाम है मणिपुर की घटना। महिलाओं के साथ अन्य राज्यों में जो घटनाएं घट रही है उसकी भी हम निंदा करते हैं। लेकिन जिस प्रकार से मणिपुर में महिलाओं के साथ सैकड़ो की भीड़ में दुष्कर्म किया गया यह वर्तमान राजनीति पर काला धब्बा है। अध्यक्षीय वक्तव्य वरिष्ठ कलाकार प्रेम प्रकाश भसीन ने प्रस्तुत किया। चर्चा के दौरान गौतम कुमार, शिव शंकर प्रसाद, कुलदीप राम एवं घनश्याम कुमार ने मणिपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश एवं धन्यवाद ज्ञापन इप्टा के जिला सचिव रवि शंकर ने किया। मौके पर अजीत कुमार, संजीव कुमार, संजीत दुबे, जावेद अहमद, अभय कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में 62वां सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के रामगढ़ प्रखंड में 62वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रखंड स्तरीय मुकाबला नीलाम्बर -पीताम्बर विद्यालय सरजा के मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग,अंडर 17 बालक वर्ग एवं अंडर-17 बालिका वर्ग का मैच आयोजित किया गया। इस मैच में अंडर -14 बालक वर्ग का मैच रामगढ़ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहर टोला के बीच खेला गया। इसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामगढ़ के खिलाड़ी विजेता हुए। अंडर 17 बालक वर्ग का मैच उत्कर्मित उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बांसडीह के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय बांसडीह की टीम विजेता हुई। इसी तरह अंडर-17 बालिका वर्ग में रामगढ़ एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटार के बीच मैच हुआ। इस टूनार्मेंट का शुभारम्भ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामा पाठक ने फुटबॉल को किक मारकर किया । इस मैच को सफल बनाने में बीआरपी मोहम्मद कैसर, ओम प्रकाश भारती, कंप्यूटर ऑपरेटर सैफ अख्तर, साधन सेवी अजय कुमार पाण्डेय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटार के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार रजक,राजन कुमार हंस, मोहम्मद जुल्फिकार आलम, संजय कुमार राम, उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सुरेंद्र राम, मोहम्मद शहजाद हुसैन, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामगढ़ के शिक्षक प्रदीप अरशद एवं योग नाथ शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**अभियान** | कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड जरूरी

# 'आयुष्मान पखवाड़ा' जागरूकता रथ को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

### जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर वैसे लाभार्थियों को जागरूक करेगा जो आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान पखवाड़ा 21 जुलाई 2023 से 4 अगस्त 2023 तक मनाया जाना है। आयुष्मान पखवाड़े के व्यापक प्रचार प्रसार तथा जन जन तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर वैसे लाभार्थियों को जागरूक करेगा जो आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं, लेकिन अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। उन्होने बताया कि पखवाड़े के दौरान लाभुकों को सूचित करते हुए सहिया/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पीडीएस डीलर, सीएचओ, आयुष्मान मित्र, सीएससी (प्रज्ञा केन्द्र) के माध्यम से घर-घर जाकर एवं पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बता दें कि जिले के सभी गुलाबी, पीला और हरा राशन कार्डधारी के लाभुक ई केवाईसी के माध्यम से निःशुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इस योजना से आच्छादित परिवार एक साल में 5 लाख रूपए तक का बिल्कुल मुफ्त में उपचार सभी निबंधित अस्पतालों में करा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा। मौके पर उपायुक्त के अलावा डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने वाले दो गये जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी के अंचलाधिकारी केदारनाथ सिंह के साथ बुरा व्यवहार करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के बाद थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आने पर पुलिस ने कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के गुरहा के रहने वाले अबू दरदा समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।बताते चलें कि 24 मई 2023 को अंचलाधिकारी केदारनाथ सिंह ने अबू दरदा समेत अन्य लोगों के खिलाफ कार्यालय में घुसकर बुरा व्यवहार करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं 1 घंटे तक कार्यालय को अस्थिर करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में मुख्य समेत अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। इधर थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में अबू दरदा एवं जावेद अली पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, थाना प्रभारी की वर्दी फाड़ देने, मारपीट करने एवं साथी पुलिस कर्मी के साथ मारपीट करने व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है।थाना प्रभारी ने बताया कि 22 जुलाई को अपराध गोष्ठी में शामिल होने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय मेदिनीनगर से अपने सहकर्मी सहायक अवर निरीक्षक जगजीवन मोची और चालक अशोक कुमार के साथ थाना लौट रहे थे। इसी क्रम में बेदानी मोड़ स्थित सार्वजनिक जगह पर देखा गया कि अबू दरदा एवं जावेद अली सिगरेट पी रहे थे। उन्हें सिगरेट पीने से मना किया गया तो यह उन्हें नागवार गुजरा और उल्टा थाना प्रभारी को ही कई तरह की दलील देने लगे। समझाते हुए डांट डपट किया तो दोनों युवक थाना प्रभारी से उलझ गए और मारपीट करने लगे। वर्दी फाड़ दी। बीच-बचाव करने पर जगजीवन मोची और चालक अशोक कुमार के साथ भी मारपीट की। मुक्का से मारने पर तीनों को चोट आई। बाद में स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया।

# बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से शोक होता है : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शास्त्र में बताया गया है कि दुनिया में एक हीं भगवान हैं शालिग्राम ये भगवान का कभी प्राण, प्रतिष्ठा नहीं किया जाता है। बाकी जितने भी मनुष्य द्वारा मूर्ति की स्थापना की जाती है, प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। यदि दो चार दिन भोग न लगे तो फिर से प्राण प्रतिष्ठा किजिये नहीं तो ऐसे बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से शोक होता है। भय होता है। अनेक प्रकार के यश कृति का समापन होता है। अपयश होता है। अतः नहीं करना चाहिए। जो खंडित मूर्ति हो उसका भी पूजा नहीं करना चाहिए। अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है। अलग अलग व्यक्ति की अलग-अलग मर्यादा है। शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा। यह ठीक नहीं है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नही है। उनको पाप लगेगा। महा नर्क हो जाएगा। ऐसा नहीं की विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढ़ा करके, दंड कमंडल ले करके घुमने लगें। यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया घर परिवार को सजाओ, शिक्षित करो बच्चों को संस्कार दो। बेटा बेटी का विवाह करो। सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो तब वैराग्य धारण करो। ऐसा बताया गया है। तब भगवान प्रसन्न होगें। तब आत्म कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि पात्र के अनुसार ही दण्ड भोगना पड़ता है। बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है। उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पड़ेगा। जो जितना पात्र का अधिकारी होगा, उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा। जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा हीं दण्ड की प्रक्रिया होती है। यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नहीं हो तो सुंदरकाण्ड का पाठ कर ले। हनुमान चालीसा का पाठ कर ले। उसी से मार्जन हो जाएगा। कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग-अलग व्यवस्था बनाया गया है। सबके लिए एक ही नियम लागू नहीं हो सकता है। जैसे की गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है। परंतु वहीं गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े-लिखे लोग करते हैं तो उन्हे कठोर दण्ड भोगना पड़ता है।

## बिहार के विधान पार्षद व विधायक ने स्वामी जी का किया दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** बिहार के विधान पार्षद राधाचरण सेठ एवं यूपी रॉबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे ने रविवार को श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का दर्शन किया। उस मौके पर महायज्ञ समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। उस मौके पर संरक्षक मंडल के सदस्य रामानंद पांडेय, अध्यक्ष वीरेन्द्र चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सचिव अनीष शुक्ला, संयुक्त सचिव राकेश चौबे, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ला, उमेश शुक्ला, विंध्याचल शुक्ला समेत बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## पौधो लगाकर क्षेत्र में रिकॉर्ड बनाने का निर्णय

**मेराल (गढ़वा)।** पूर्वी पंचायत में 1 अगस्त को 2000 पौधा लगाकर क्षेत्र में रिकॉर्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। सोमवार को अपने कार्यालय से जानकारी देते हुए मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम अभियान के लिए पंचायत सचिवालय में एक बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की पंचायत वासियों को पौधा लगाने एवं बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा। अधिक पौधा लगाने की लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपने पंचायत के सभी विद्यालयों आंगनबाड़ी सहित अन्य विभाग के कर्मियों को इस अभियान में जोड़कर पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम में 30 अगस्त को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पूरवारा टोला में हजारों पौधा लगाकर अभियान का शुरूआत किया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधि ग्रामीण जनता शामिल होंगे। इसके पहले भी पंचायत क्षेत्र के कई सार्वजनिक जगहो पर पौधा लगाया गया है।

# बारिश नहीं होने से किसान चिंतित

### धान के बिचड़े सूखने के कगार पर, सरकार से मदद की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में लगभग बीस दिनों से वर्षा नहीं होने से आसमान निहारते-निहारते किसानों के आंखें फटने सी लगी है। लेकिन किसानों के ऊपर इंद्र देव महाराज की कृपा नहीं हो पा रही है। मौसम की बेरुखी इस बार भी प्रखंड क्षेत्र वासियों को परेशान कर रही है। अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। किसानों को डर सता रही है कि कहीं अगले साल जैसे अकाल न पड़ जाय। पिछले साल भी खरौंधी प्रखंड सुखाड़ की चपेट में आया था। इस साल भी अबतक न के बराबर बारिश हुई है। जिस कारण प्रखंड क्षेत्र में धान रोपाई का काम शुरू नहीं हो पाया है। बारिश नहीं होने से धान का बिचड़ा मरने के कगार पर पहुंच गया है। जिससे किसान बेहद हैरान परेशान है। अच्छी बारिश नहीं होने से बिचड़ा भी खराब होने लगा है। वहीं किसानों ने काफी महंगे दामों से बिचड़े खरीद कर अपने-अपने खेतों में लगाया है जो रंग फटने लगा है। हालांकि कुछ किसानों ने मोटर पंप से बिचड़ा पटवन कर कुछ दिन बचाया लेकिन फिर भी बारिश नहीं हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों से बादल तो छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो पा रही हैं। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई देती है। प्रखंड क्षेत्र के खरौंधी, माझिगावां, राजी, सुंडी, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा, करिवाडीह पंचायतों के किसान पानी नहीं होने से किसान बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड के किसानों में उमाशंकर रजक, अनिल कुमार गुप्ता, सतेंद्र प्रसाद यादव, राजेंद्र गुप्ता, सुशील कुमार यादव, सत्यनारायण प्रसाद यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, सत्यनारायण सिंह, मदन प्रसाद सिंह, महेंद्र सिंह, सरयू प्रसाद सिंह आदि किसानों का कहना है की इतने महंगे दामों में बीज खरीदना पड़ा और बारिश नहीं होने की वजह से बिचड़ा भी तैयार नहीं हो पाया। बिचड़े पानी के अभाव में तैयार होने से पहले ही मृत हो रहें हैं। बारिश नहीं होने से धान के साथ साथ मक्का सहित तेलहन दलहन फसल भी प्रभावित हो गई है। बारिश नहीं होने से हमलोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के किसान पूर्ण रूप से बारिश के पानी पर ही खेती करते हैं। खरौंधी प्रखंड में जितने भी जनप्रतिनिधि बने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में कोई ठोस उपाय नहीं निकाल पाए। जिससे किसानों के बीच आक्रोश व्याप्त है। खरौंधी प्रखंड में एकमात्र डोमनी बराज बनने से कुछ हद तक किसानों को राहत मिलती लेकिन यह योजना भी ठंढे बस्ते में चला गया है। प्रखंड क्षेत्र में 9 लिफ्ट एरिगेशन बना तो था लेकिन कई बर्षो से यह सब बंद पड़ा है। खरौंधी प्रखंड के लोग पूर्ण रूप से बरसात के पानी से खेती करने के लिए निर्भर है। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा की खरौंधी प्रखंड इस साल भी सुखाड़ की चपेट में आ गया है। अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। जनहित में सरकार से अविलंब किसानों के हित में खरौंधी प्रखंड को अकाल क्षेत्र घोषित कर फसल बीमा दिलाने की मांग की है एवं किसानों के बीच राहत बचाव कार्य चलाने की मांग की है। ताकि किसान अपना जीवन यापन कर सकें।

## वृद्ध दंपति का खपरैल घर ध्वस्त, स्कूल में ली शरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी असर्फी साह (80) का घर बारिश के कारण ध्वस्त हो गया है। इस करण अशर्फी साह एवं उनकी पत्नी दोनों ने समीप के बंद पड़े नव प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में शरण ली है। उक्त वृद्ध दंपती के दो पुत्र हैं। दोनों अपने परिवार के साथ गांव में ही दूसरी जगह पर रहते हैं। इधर वृद्ध दंपती पिछले कई वर्षों से गम्हरिया गांव स्थित मिट्टी के जीर्ण-शीर्ण कच्चे घर में रहते थे। वर्षों से उक्त घर की मरम्मत नहीं होने के कारण इस बार बारिश में सप्ताह भर पूर्व घर ध्वस्त हो गया। प्रखंड कार्यालय तक भाग-दौड़ करने में सक्षम नहीं होने के कारण मजबूरी में उक्त दंपती को समीप के नव प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में शरण लेना पड़ा है। अशर्फी साह ने बताया कि उनके पास कुछ बकरियां हैं, इनका पालन-पोषण कर ही उनका घर चलता है। ऐसे में ध्वस्त घर को फिर से नये सिरे से मरम्मत करने की क्षमता नहीं है। इसलिए उन्होंने प्रशासन से आंबेडकर आवास दिलाने की गुहार लगायी है।

## ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण टोले के लोग ढिबरी युग में जीने को मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़ (गढ़वा)।** प्रखंड अंतर्गत टेहड़ी पंचायत के आदिवासी एवं कोरवा जनजाति बहुल खिराखाड़ एवं कोरहटी टोले में पिछले डेढ़ माह से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। उक्त टोले के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किरण किसान के घर के पास लगा ट्रांसफार्मर काफी दिनों से खराब है। जिसे विभाग द्वारा शिकायत के बावजुद भी नहीं बनाया जा रहा है। जिस कारण टोले में निवास करने वाले लगभग पचास घरो में रहने वाले लोग ढिबरी युग में जीने को मजबूर है। ज्ञात हो कि अगले वर्ष इसी महीने में गांव में बिजली नहीं रहने के कारण रात के अंधेरे में घर में जमीन पर सो रही एक आदिम जनजाति महिला स्वास्थ्य सहिया बिनीता कोराइन की मौत सर्प दंश के कारण हो गई थी। उक्त टोले में रहने वाले आदिम जनजाति एवं आदिवासी परिवार के लोग अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करते है। गांव के ज्यादातर लोग रात्रि में जमीन पर सोते हैं। ऐसे में लोगों को सोने के दौरान जहरीले जीव जंतुओं के काटने का भय हमेसा बना रहता है। ग्रामीण रमेश कोरवा, गणेश कोरवा, धनेश कोरवा, बिंदल कोरवा, सिफन कोरवा, टूटू कोरवा, जगतपाल पनिका, उमेश पनिका, मुकेश पनिका, जितनी देवी, प्रतिमा देवी, मीणा देवी, सोरठी देवी, पूनम देवी, मंजू देवी, रामरतन कोरवा, चटकु कोरवा, बद्री पाल, संगीत देवी, छोटी कुमारी, सुनीता कुमारी, चन्द्रेश प्रसाद आदि ग्रामीणों ने सम्बन्धित विभाग पदाधिकारी एवं जिले के उपायुक्त से जल्द खराब ट्रांसफार्मर को मरम्मत कराकर टोले में बिजली बहाल करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के बांका चौक स्थित मुख्य सड़क पर मोटर साइकल सवार दो लोग गिर कर घायल हो गए। घायल व्यक्ति में श्यामलाल भुइयां के पुत्र पप्पू भुइयां 21 वर्ष, सुरेंद्र सिंह के पुत्र राजू सिंह 18 वर्ष दोनों घायल जतरो बंजारी के निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक जाहरसरई गांव से अपने घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में बांका का गांव में मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गया। घायल व्यक्तियों को ग्रामीणों की मदद से मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। जहां उपचार के बाद पप्पू भुइयां के स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इधर इसकी जानकारी मेराल पुलिस को मिलने पर क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को घटनास्थल पर पहुंच थाना ले आई है।

# लाभुकों को नहीं मिला राशन तो शिकायत लेकर पहुंचे प्रखंड कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई (गढ़वा)।** गांव में जुलाई माह समाप्ति की ओर चला लेकिन अभी तक सभी पीडीएस लाभुकों को राशन नहीं मिल पाया। राशन को लेकर इससे पहले वे सभी डीलर की दुकान से लेकर प्रखंड कार्यालय तक का खूब चक्कर लगाए बावजूद उन्हें आज तक राशन नसीब नहीं हो सका। मामला प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित जन वितरण दुकानदार विंध्याचल महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ा है। बताया जाता है कि जुलाई माह का खाद्यान्न गोदाम से उठाव होने के बाद भी दुकानदार के द्वारा अब तक सभी लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। चावल दिवस के दिन दुकान जांच करने पहुंचे प्रभारी एम ओ चोना राम हेम्ब्रम की जांच में 16 जुलाई तक ई पोस मशीन में मात्र 19% लोगों के बीच ही राशन वितरण होने की बात सामने आई थी। साथ ही दुकानदार के गोदाम में मात्र 8 बोरा गेहूं एमओ के जांच में पाया गया था। मामले को देख एमओ के द्वारा 2 दिन के अंदर सभी लाभुकों के बीच दुकानदार को राशन वितरण कर देने की सख्त चेतावनी दी गई थी। लेकिन डीलर के द्वारा आज तक लाभुकों के बीच राशन का वितरण नहीं किया गया। मजबूरन अपनी समस्या को लेकर दुकानदार से संबंधित सभी लाभुक सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच गए। कार्यालय पहुंचे लाभुकों की एमओ से मुलाकात नहीं होने पर वे सभी सीधे 20 सूत्री कार्यालय चले गए। वहीं अपने कार्यालय कक्ष में बैठे प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी को लाभुकों ने लिखित आवेदन दिया। साथ ही माह जुलाई का खाद्यान्न डीलर से दिलाने की उनसे मांग किया। लाभुकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कयामुद्दीन ने मामले की टेलिफोनिक शिकायत जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास कर डीलर के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग कर डाली। जबकि इससे पूर्व लाभुकों की आवेदन को उनके द्वारा अंचल के प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के हाथ में विधि सम्मत कार्रवाई को लेकर सुपुर्द कर दिया गया। 20सुत्री को दिए आवेदन में लाभुकों ने लिखा है कि डीलर के द्वारा हम लोगों को बेवजह के जानबूझकर परेशान किया जाता है। जब भी डीलर के दुकान पर राशन लेने गए हैं एक बार भी उनके द्वारा हमलोगों को सही समय पर राशन नहीं दिया गया है। प्रखंड कार्यालय पहुंचे लाभुक इतने आक्रोशित थे कि वे सभी सिर्फ डीलर के खिलाफ कर्रवाई की मांग कर रहे थे। लाभुक अनु राम, हरि राम, रविंद्र राम, अशोक मेहता, ऋषिकेश मेहता इत्यादि लोगों ने बताया कि अभी तक हम लोगों को राशन मिला भी नहीं और डीलर के गोदाम में राशन समाप्त हो गया। लाभुकों ने कहा कि एमओ के चेतावनी के बाद भी डीलर के द्वारा न तो हम लोगों को राशन दिया गया और ना ही उनके खिलाफ अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई की गई। एसडीओ सह प्रभारी डीएसओ राज महेश्वरम ने कहा कि मामले की शिकायत हम तक पहुंच गई है। एमओ को रिपोर्ट के लिए निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आते हीं डीलर के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई कर दी जाएगी।

## विधायक मद् की सड़क निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड क्षेत्र के पालनगर गांव में पीडब्ल्यूडी सड़क से कोलझिकी पुल तक विधायक मद् की राशि दस लाख रुपए की लागत से बन रही पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर घटिया किस्म का सीमेंट और बालू का उपयोग कर सड़क की ढलाई किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीण विश्वनाथ पाल, चंदन पाल, नंदकिशोर पाल, रामाधार पाल ने बताया की पीसीसी सड़क की ढलाई के दौरान सम्बंधित जेई की अनुपस्थिति में हो रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर हमज चार इंच की ढलाई की जा रही है। जबकि सड़क के बीचोंबीच दो इंच की ढलाई किया जा रहा है। सड़क टिकाऊ नहीं हो पायेगा। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि विगत 20 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शिलान्यास किया था। इसके बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी की उक्त सड़क गुणवत्तापूर्ण बनायी जायेगी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की जांच की मांग की हैं।

### आस्था | तीसरी सोमवारी के मौके पर कलश यात्रा का शुभारंभ

# मंत्री ने किया श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** पवित्र श्रावण मास के तीसरी सोमवारी के अवसर पर प्रखंड के पढुआ गांव में बुढ़वा बाबा शिव स्थल से कलश यात्रा की शुरूआत की गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने बांए बाकी शुखड़ा नदी के संगम तट से जल भरकर धूमधाम से जय कारा लगाते हुए गाजे-बाजे के साथ कलश में जल लेकर पुनः बुढ़वा बाबा शिव स्थल पहुंच सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया गाय। इस मौके पर संगम स्थल पर पहुंच झामुमो के लोगों ने मिथिलेश कुमार देव के नेतृत्व में उपस्थित होकर मंत्री श्री ठाकुर की ओर से श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मंत्री के निर्देश पर उनके निजी मद से झामुमो नेता मिथिलेश देव ने बुढ़वा बाबा शिव स्थान को सुंदरी करन के लिए पेयजल की सुविधा चंपानल लगाने एवं चहारदीवारी करने की घोषणा की । इधर रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर शरबत शीतल पेयजल की व्यवस्था किया गया था। श्रद्धालुओं ने बताया कि बुढ़वा बाबा शिव स्थल का इतिहास बहुत पुराना है और विगत कई वर्षों से यहां पर सावन महीने में सामूहिक रूप से जलाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर झामुमो नेता प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू , विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह मुखिया आशीष बियार, बीडीसी दिनेश प्रसाद , झामुमो नेता फनीराज गुप्ता, छोटन कुमार, संजय सोनी, शिवपूजन सिंह, मनोज सिंह, ओमकार यादव, लाली राम, स्वरूप ठाकुर अर्जुन मेहता गुलाब चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार गुप्ता इत्यादि लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया। बुढ़वा बाबा शिव स्थल का सुंदरीकरण करने के लिए सामूहिक रूप से मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया। मेराल मुड़ल टोला शिव मंदिर से सभी शिव भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ शिव घोष की जयकारा लगाते हुए यूरिया नदी संगम तट करकोमा से कलश में जल भरकर शिव मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया। जिसमें प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमार, मुखिया रामसागर महतो, भाजपा नेता संजय भगत, जिला युवा सचिव अतहर, अली अंसारी, विनोद प्रसाद, पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा इत्यादि शामिल हुए। वहीं आशुतोष महादेव हासनदाग से जल यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया फुलवंती देवी, झामुमो गढ़वा अनुमंडल अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ,बीडीसी नंदू चौधरी, उप मुखिया अविनाश कुमार चौबे, राजबली चौधरी, बबलू चौधरी, उपेंद्र कुमार चंद्रवंशी, द्वारिका चौधरी, राजेंद्र चौधरी विनोद चौधरी, संजय चौधरी धनजय चौधरी, बैजनाथ चौधरी, रामसूरत चौधरी, कमलेश चौधरी ने अहम भूमिका निभाया।

## वाहन चेकिंग अभियान में 13 वाहन जब्त

**डंडाई (गढ़वा)।** थाना के एएसआई हरे कृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। गुप्तेश्वर प्रसाद के क्रेशर स्थल पर चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सिर्फ दो पहिया वाहन चेकिंग करने का काम किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का काम किया गया। इस बीच बिना हेलमेट के वाहन चलाते आ रहे कई दोपहिया वाहन चालकों की वाहन को जब्त कर उनके द्वारा सीधे थाना में लगा दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक उनके द्वारा 13 दोपहिया वाहन को जब्त कर थाना में लगा दिया जा चुका है। हरेकृष्ण ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर आज सर्फ दोपहिया वाहन चेकिंग करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे चालकों की वाहन को जब्त कर थाना में लगा दिया गया है।

## नवविवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या की

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव नवविवाहिता शीला देवी 20 वर्ष ने जहर खाकर बीती रात्रि आत्महत्या कर ली। उसका मायका पलामू जिला के चैनपुर थाना करमाहा गांव के राजदेव चौधरी की पुत्री है। लोगों ने बताया की पति सुखारी चौधरी एवं शीला के बीच कुछ बातों को लेकर घरेलू विवाद हुआ था। जिसमें शीला देवी आवेश में आकर बीती रात्रि जहर खा गई जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मेराल पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंतःपरीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया अंतः परीक्षण के बाद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान कर रही है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में मुहर्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर हुई बैठक

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय सभागार में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि त्योहार को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखना है। विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया।




उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मुहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार एवं अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ से अपने क्षेत्र में सामाजिक समरसता को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कितने व्यक्तियों पर कारवाई की गयी हैइस बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जिन्होंने पूर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया है उन पर कड़ी निगरानी रखें। कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा उसका पूर्व में निर्धारण एवं सत्यापन कर लें। उन्होंने जुलूस निकाले जाने के दौरान बिजली से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को उस दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली या कोई आपराधिक घटना घटित होने पर अविलम्ब प्रशासनिक या पुलिस पदाधिकारी को इसकी सूचना दें ' सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह पोस्ट किया जाता है तो अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारी को दें ' उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर वीडियो कैमरा एवं ड्रोन से वीडियोग्राफी करने की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलुस के पास एम्बुलेंस की व्यवस्था रखें। आगे उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी विधि व्यवस्था संधारण से सम्बंधित कार्य पूरी तत्परता के साथ करें बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि मुहर्रम के अवसर पर जुलुस निकालने वाले सभी अखाड़ों की सूची तैयार कर लें। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी , गणमान्य व्यक्तियों समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री ने किया कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड के पास सोमवार को श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता नें कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया। ब्लॉक मोड़ के पास प्रशांति एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के द्वारा कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया है। मंत्री ने छात्रों से कहा कि आज शिक्षा के साथ लोगों में कौशल का होना जरूरी है। छात्र अपने कौशल को निखारकर स्वरोजगार से जुड़ें। संस्था के स्टेट हेड मनीष कुमार ने बताया कि फिलहाल केंद्र पर सेल्फ एंप्लॉयमेंट टेलर, डोमेस्टिक इलेक्ट्रीशियन एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रत्येक कोर्स की अवधि चार



माह की होगी। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को कैंपस सलेक्शन भी करवाया जाएगा एवं छात्रों को प्रोत्साहन भत्ता भी सरकार द्वारा दिया जाएगा। मंत्री ने कुछ जरूरतमंदों के बीच धोती-साड़ी भी वितरण किया। कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार, विकास रंजन, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, अमित कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, अजय राम, जिला सचिव मोनू कुमार, दीपक साहू समेत अन्य लोग थे।

### छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध दिया संदेश

# जागरूकता से ही दूर होंगी सामाजिक कुरीतियां: आईजी

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
लातेहार पुलिस के पहल पर सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्र एवं छात्राओं ने बालूमाथ से बारियातू तक मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण, मानव तस्करी, डायन कुप्रथा एवं सड़क सुरक्षा समेत समाज के ज्वलंत मुद्दे पर तख्तियां लेकर इन कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक करने का संदेश दे रहे थे। मानव श्रृंखला में शामिल छात्र एवं छात्राओं ने हाथों में पौधे लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मानव श्रृंखला में पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकडा, लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, लातेहार विधायक बैजनाथ राम, लातेहार पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए । पुलिस पदाधिकारी पैदल ही चलते हुए बच्चों को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध



जागरूक करते हुए बरियातू थाना तक का सफर तय किया। बरियातू थाना में झारखंडी संस्कृति के प्रतीक ढोल ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। थाना परिसर में ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए सामाजिक स्तर पर लोगों को जागरूक कर ही इस पर काबू पाया सकता है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पूरे मानव श्रृंखला में लोगों का उत्साह को सामाजिक बदलाव का वाहक बताया। लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने पुलिस के इस प्रयास को सामाजिक बदलाव के लिए एक बेहतरीन पहल करार दिया। रामू के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने पुलिस के इस प्रयास को सामाजिक बदलाव की दिशा में मील का पत्थर साबित होना बताया। स्वागत भाषण बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने किया। बरियातू थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बारियातू बीडियओ प्रतिमा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बारियातू थाना प्रभारी समेत पूरे पुलिस प्रशासन की टीम का लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, बालूमाथ अंचल अधिकारी आफताब आलम, उमेश कुमार सिंह, लव कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, उपप्रमुख निशा शाहदेव, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, चंदवा थाना प्रभारी बबलू कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, लातेहार सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, मो हुजैफा, सामाजिक कार्यकर्ता मुजम्मिल हुसैन, शमीम अंसारी, मो सालीम, संजय यादव, धनेश्वर उरांव की भूमिका काफी सराहनीय रही।

# झारखंड शिक्षा परियोजना के सदस्यों ने विधायक को मांग पत्र सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड शिक्षा परियोजना के शिक्षा परियोजना के कार्य सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के आवास में मिलकर एक मांग पत्र सौंपा .विधायक ने उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. झारखंड शिक्षा परियोजना संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव शरण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार परियोजना के सभी सदस्यों को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अपने अपने क्षेत्र के विधायक को मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया था. इसी निर्णय के आलोक में रविवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के जिला अध्यक्ष अनूप केरकट्टा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरास्थित आवास में मिलकर अपनी मांग पत्र सौंपा. जिसमें परियोजना 10 वर्ष से अधिक समय में कार्यरत कर्मियों का सेवा नियमित करने, राज्य कार्यकारिणी के 55 वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ देने, वेतन वृद्धि, मेडिकल समूह बीमा समेत कार्यरत कर्मियों की निधन के उपरांत 2000000 रुपये का मुआवजा एवं आश्रितों को नौकरी देना शामिल है. विधायक ने झारखंड शिक्षा परियोजना के सदस्यों को उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में कुमार संजय सिन्हा, राम प्रसाद राम, संतोष कुमार आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### शहर के मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं का जमावड़ा होने से लोगों को हो रही है परेशानी



**लातेहार।** शहर के मुख्य मार्ग पर इन दिनों आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे शहर के आम लोगों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी खासा परेशान है। जिससे शहरवासियों में नगर पंचायत के खिलाफ आक्रोश है। स्थानीय समाज सेवी मोती सोनी, जुगेश्ववर प्रसाद, रमेश उरांव, गजेंद्र कुमार का कहना है कि शाम ढलते ही लातेहार शहर की सड़को पर आवारा पशुओं का कब्जा हो जाता है। वहीं अब दिन में भी आवारा पशुओ का कब्जा हो गया हैं। इससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार बड़े वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शहर के व्यवसायी सुबह जब अपनी दुकान खोलने आते हैं, तो दुकान के समाने चारो तरफ गोबर ही गोबर नजर आता है।

### कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी हेतु बैठक



**बरवाडीह।** पहाड़ी मंदिर में वर्ष 2023 में जन्माष्टमी पूजा के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हेतु श्री राधा रमण भागवत प्रचार मंडल पहाड़ी मंदिर बरवाडीह के सदस्यों की एक बैठक शशि कांत मंडल की अध्यक्षता पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया.बैठक में पूर्व की भांति इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर में तीन अगस्त से 9 अगस्त तक भागवत कथा एंव 10 अगस्त को हवन तथा भंडारा कार्यकर्म आयोजन करने का निर्णय लिया गया.भगवत कथा उत्तर प्रदेश वृंदावन के पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री कथावाचक मंडली मुख्य रूप से आमंत्रित है. बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु कई निर्णय लिए गए.बैठक में राधा रमण मंडल के निम्मलिखित सदस्यो की उपस्थिति रही बल्लू मिश्रा,अरविंद कांत पाण्डे, रणजीत सिंह (राणा),निरंजन सिंह,अनुज कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, लव पासवान ,कृष्ण पासवान, ए के हरी,राजा कुमार ,विवेक कुमार सदस्यों के साथ महिला समिति के सदस्यों संतोषी शेखर,सुधा दुबे,रेखा पाठक,सुमन देवी, नैना देवी, नीतू कुमारी, बंदना साह, अमृता रश्मि,निहारिका देवी,शोभा कुमारी के साथ अन्य की उपस्थिति रही।

### राजद के 48 प्रखंड पदाधिकारियों की सूची जारी हुई



**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव के निर्देश पर पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं प्रखंड समिति का नाम एवं पदनाम की सूची जारी की गई। बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष हरिहर यादव ,चंद्र मोहन यादव, दशरथ यादव, महासचिव उमेश कुमार यादव, मनान कुरैशी, सचिव मो. जसीम ,अजय कुमार गुप्ता, मो. अजमल हुसैन, जगदेव उरांव, ब्रजेश पांडे, कोषाध्यक्ष राजेश कु रजक वहीं कार्यकारी सदस्य में निर्मल गंझु, पंकज कुमार सिन्हा, राजकुमार यादव, रामेश्वर यादव, विनोद राम, मो जहूर, आशीष कुमार यादव, कांति उरांव, पूनम देवी, संजय यादव ,जगत नारायण यादव, मो मुजाहिद, मुनेश्वर यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विजय यादव,रजनी देवी, मनोज यादव, निरंजन यादव, अशोक भुइयां, दीपक यादव, मो. जमशेद खान, रेनू देवी संजय यादव विवेकानंद यादव मो नीमसार ,सत्येंद्र यादव, मो जुबैर कुरेशी, संगीता देवी, युवा प्रखंड अध्यक्ष मो आफताब अंसारी, मजदूर प्रकोष्ठ सरयू कुमार यादव, दलित प्रकोष्ठ बाबूलाल राम, आदिवासी प्रकोष्ठ जितेंद्र उराँव, किसान प्रकोष्ठ बालकृष्ण यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा देवी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मो जुबैर आलम, ओबीसी मोर्चा राजकुमार यादव उर्फ प्रिंस के नाम शामिल हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : मौलाना रिजवान

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
संस्कृति क्लब चंदवा के माध्यम से चंदवा मदरसा खैरुल उलूम और अली पब्लिक स्कूल परिसर में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत पौधरोपण किया गया जिसमे आम,अनार,लीची, अशोका, तेजपत्ता, कढ़ी पत्ती आदि का पौधा लगाया गया। पौधरोपण में मदरसा खैरुल उलूम के बच्चे और अली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने कहा कि हम सभी को प्रत्येक वर्ष एक पेड़ लगाना चाहिए और उसकी सेवा करनी चाहिए। पेड़ हमे छाया देती है और वातावरण खुशनुमा रहता है। पौधों की वजह से पर्यावरण संतुलित रहता और वर्षा होती है।



आज दुनिया में जो मौसम का उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है वर्षा नहीं हो रही है जिसकी वजह से खेती बारी में परेशानी हो रही है। मौलाना रिजवान ने हर इंसान को पेड़ लगाने का संदेश दिया। वहीं सांस्कृतिक क्लब के अध्यक्ष वेदांत कुमार ने लोगों से आग्रह किया एक पेड़ एक जीवन जरूर लगाएं। मौके पर प्रिंसिपल मौलाना रिजवान दानिश नदवी,मौलाना सलमान नदवी,मौलाना इरफान कासमी,मौलाना इजहार कासमी, मौलाना अबू बकर नदवी, मौलाना जैफ मजहरी, हाफिज तौफीक,हाफिज अलीमुद्दीन, हाफिज दानिश,मास्टर तारीख, मास्टर लुकमान,शिक्षिका बुशरा,अरीबा,गुलनाज, नौशीन,मनीषा,शिक्षक हाफिज अल्ताफ मौलाना एजाज हाफिज जुनैद,तैबा आदि मौजूद थे।

### चंदवा थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें मुहर्रम : इंस्पेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
आगामी त्योहार मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार के द्वारा की गई जबकि बैठक का संचालन कामता पंसस अयुब खान कर रहे थे। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को समाजसेवी रामयश पाठक, भाकपा नेता प्रमोद कुमार साहू,राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव,चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि



चंदवा प्रखंड में सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर पर्व मनाते आए हैं। पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की । थाना प्रभारी ने सभी अखाड़ा कमिटियों को तय रूट से ही जुलूस निकालने को कहा। मौके पर तिलैयाटाँड़ अंजुमन के सदर मो अब्दाल, समाजसेवी संजय दुबे,कॉग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष बाबर खान,अलौदीया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो,निर्मल शर्मा,पप्पू आजाद,बिनोद कुमार गुड्डु,साबीर आलम व पुलिस अवर निरीक्षक नारायण यादव, पुअनि जमील अंसारी समेत मुहर्रम अखाड़ा समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम पर बीडीओ ने कहा

# बीएलओ का काम संतोषजनक

**बरवाडीह। प्रतिनिधि**
प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की में अध्यक्षता में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया. बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश से 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलाए जा रहे हैं संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ने का निर्देश पर प्रखंड के 24 बीएलओ द्वारा धीमी गति से कार्य किए जाने पर बीडीओ ने आक्रोश व्यक्त करते हुए ऐसे सभी बीएलओ को पर कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने संबंधित सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि प्रखंड मुख्यालय



बरवाडीह, रेलवे कॉलोनी,लात समेत 24 मतदान केंद्रों में बीएलओ का कार्य काफी असंतोषजनक है. इन क्षेत्रों में नए मतदाता का नाम जोड़ने का काम नाम मात्र का किया गया. इन क्षेत्र के सुपरवाइजर बीएलओ को सहयोग करते हुई नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के कार्य में तेजी लाएं. उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग का अवसर प्राप्त हो इसका पूर्ण रूप से ख्याल रखा जाए. बैठक में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बैठक में बलराम सिंह, सुमन कुमार, बिनोद सिन्हा, अजीत सहाय सतेंद्र सिंह मंजीत सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# बस और ट्रेलर में टक्कर, 13 घायल, दो रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना क्षेत्र के चोरझारिया घाटी के समीप सोमवार के लगभग दस बजे बस और ट्रेलर के बीच हुई भीषण टक्कर में 13 यात्री घायल हो गए।पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बालूमाथ सीएचसी अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश कुमार, डॉ पुरुषोत्तम कुमार तथा डॉ सुरेंद्र कुमार एवं चिकित्सा कर्मियों द्वारा भाई लोगों उपचार की गई ।घायल शंकर उपाध्याय तथा चार माह के बच्चा आदित्य कुमार की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं 11 यात्रियों को इलाज के बाद स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हादसे के बाद बस का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।घटना के संबंध में यात्रियों ने बताया कि रांची से चतरा जारही सिहवाहनी बस एक बोलेरो गाड़ी के ओवर टेक करने में ट्रेलर टक्कर हो गई।

## कैरो थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक

# आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** पर्व त्योहार को मिल जुल कर आपसी प्रेम सौहार्द वातावरण में मनाना चाहिए ।उक्त बातें पुलिस इस्पेक्टर मंटू कुमार ने कैरो थाना परिसर में सोमवार को मोहर्रम मेला को लेकर प्रखंड स्तरीय शान्ति समिति की बैठक में कही ।उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार से आपसी प्रेम व भाईचारगी बढ़ती है ।उन्होंने कहा की शोसल मीडिया व अफवाह पर लोग ध्यान न दे वंही कोई अनहोनी की शंका हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें ।प्रसासन सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में हर तरह से तैयार है ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मेला के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमो जुलूस व उनके मार्गो का जायजा लिया। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि आपसी सहमति से दोनों समुदाय के लोग मिल बैठ कर अगर पर्व त्योहारों के मार्ग में बदलाव करते हुए मुख्य सड़क से जुलूस का आवागमन करे तो बेहतर होगा ।मौके पर अंचला अधिकारी कमलेश उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी,थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, एस आई ऋषिकांत शर्मा, एएसआई संजय कुमार, वर्मा उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, विशेश्वर प्रसाद दिन, नजीर आलम खान, जमील अख्तर, मो.सजाद , अख्तर अंसारी, प्रवीण साहू, इम्तियाज अंसारी, जलाल खान आदि उपस्थित थे।

## जोबांग थाना में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना परिसर में आगामी मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लाइसेंसधारी अखाड़ा पूर्व निर्धारित रूट पर ही मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से मेला स्थल तक ले जाएंगे। पुलिस प्रशासन को सकारात्मक सोच के साथ सहयोग करें ।त्यौहार में अफवाह फैलाने और गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरूद्ध चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। क्षेत्र में पूर्व से बने गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सामाजिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनायें। उन्होंने कहा कि जो भी लोग कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेंगे वैसे लोगों को किसी भी सुरत पर बख्सा नहीं जायेगा। त्योहार के अवसर पर किसी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न न हो इसे लेकर सभी सदस्यगण पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। मौके पर ग्राम पंचायत सीरम के मुखिया भगवत सिंह खेरवार, सीरम पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य अब्दुल वहाब, जमरूल अंसारी सहित बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

# भंडराः खाली जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा / लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त के आदेशानुसार अंचल कार्यालय भंडरा द्वारा सोमवार को भंडरा प्रखंड के भौंरो मोड़ में स्थित टेंपू स्टेंड के बगल में स्थित खाली जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। उक्त स्थल पर सत्यनारायण यादव एवं सत्यनारायण साहू के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। दोनों व्यक्ति को पूर्व में भी अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश अंचल कार्यालय द्वारा दिया गया था परंतु दोनों व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के बाद उप विकास आयुक्त के आदेशानुसार उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जिसमें सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में जेसीबी के माध्यम से जिला परिषद कार्यालय के जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही अतिक्रमण के दौरान जेसीबी का खर्च अतिक्रमण किए गए लोगों से वसूला गया। मौके पर सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भंडरा के भौंरो मोड़ में जिला परिषद द्वारा टेंपू स्टेंड में मार्केट का निर्माण कराया गया है। जिसके अगल-बगल जिला परिषद का खाली जमीन था। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायत डीडीसी लोहरदगा को किया गया था। इसके बाद भंडरा अंचल कार्यालय द्वारा डीडीसी के आदेश पत्र के आलोक में भौंरो मोड़ से अतिक्रमण हटाया गया है। मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह सीआई अरुण प्रसाद,प्रधान सहायकअविनाश कुमार, अमीन सुमित जायसवाल, राजस्व कर्मचारी प्रदीप कुमार के अलावे भंडरा थाना के पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# लकड़बग्घा का शव बरामद आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वन विभाग की टीम ने वन्य जीव संरक्षण के तहत आने वाले जीवों की हत्या के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने सुदूरवर्ती गांव नीचे बगड़ू केउद टोली में छापेमारी किया। एक ग्रामीण के घर से लकड़बग्घा का शव बरामद किया है। वही इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फूलचंद उरांव के रूप में किया गया है। वन विभाग के किशोर नंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नीचे बगड़ू केउद टोली में ग्रामीण एक लकड़बग्घा को मारकर काट रहा है। इसका सत्यापन के लिए विभाग की ओर से छापेमारी टीम का गठन किया गया था। जब टीम ग्रामीण के घर पहुची तो ग्रामीण फूलचंद उरांव के द्वारा लकड़बग्घा को काटा जा रहा था। मौके से लकड़बग्घा का शव बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके ऊपर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत केस दर्ज करते हुए जेल भेज गया है। छापेमारी टीम में प्रदीप साहू, किशोर नंद कुमार, पंकज सिंह, चंद्र शेखर महतो और होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## यौन शोषण करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस के द्वारा नाबालिक आदिवासी युवती का शादी का प्रलोभन देकर 7 वर्षों तक यौन शोषण करने वाले आरोपी विवेक राम पिता शिव शंकर राम ग्राम डगर डीहा थाना एवं जिला गढ़वा को उसके घर से गिरफ्तार कर भंडारा पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि बेदाल गांव निवासी महिला के द्वारा भंडरा थाना में कांड संख्या 39 /2023 दर्ज करवाया गया है। जिसमें विवेक राम के ऊपर विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट भी लगाया गया है। प्राथमिक अभियुक्त के ऊपर महिला के द्वारा 7 वर्षों से यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि विवेक राम के द्वारा बार-बार शादी करने का आश्वासन देकर शादी नहीं किया जा रहा था ।इसी आरोप के तहत अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद के तरुण भारती और कन्या भारती का चुनाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में सोमवार को पद ग्रहण समारोह में छात्र संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने तरुण भारती के प्रधानमंत्री रोहित कुमार साहू और कन्या भारती की प्रधानमंत्री रौशनी उरांव को पद, गोपनीयता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्र संसद महाविद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग क्रमशः तरुण भारती और कन्या भारती के रूप में जानी जाती है` मौके पर एसडीओ ने कहा कि आने वाले चुनावो में चुनाव आयोग ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि मतदान करने वालो का प्रतिशत 62% से बढ़कर 75% से पार हो` इसके लिए अब की बार 75 बार स्लोगन दिया गया है` उन्होंने विद्यार्थियों को भारत में मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने से लेकर चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी` उन्होंने तरुण भारती और कन्या भारती के प्रधानमंत्री के रूप में क्रमशः रोहित कुमार साहू और रौशनी उरांव को शपथ दिलाई `दोनों के मंत्रिमंडल सदस्यों में अमर उरांव, मंतोष उरांव, विवेक तिर्की, आदित्य उरांव, अभय साहू, मोहित कुजुर, अमित उरांव, राज प्रजापति, रोशन उरांव, नैतिक राज, अमर उरांव, कशिश कुमारी, कनक दीप, ईशा कुमारी, बबली कुमारी, शशि कच्छप, अनीमा कुमारी, आकांक्षा पांडे, मधु श्वेता कुजुर, प्रिया कुजुर, पूनम कुमारी ने भी शपथ ग्रहण किया।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक, बोले

# योजना में बचे लक्ष्य को एक सप्ताह में पूरा करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान विभाग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज वितरण, बारिश की स्थिति, कृषि ऋण माफी अंतर्गत लाभान्वित किसान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन, कृषि पाठशाला आदि की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लाभुकों के आवेदन लक्षित भूमि अनुसार ज्यादा से ज्यादा की संख्या में सृजित करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों को इस संबंध में आवश्यक निदेश दिये गये। केसीसी योजना के संबंध में जो आवेदन बैंकों द्वारा कृषि कार्यालय, लोहरदगा को वापस किये गये हैं उन्हें पुनः जांच व सुधार कर योग्य लाभुकों को लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के एक्शन प्लान से अवगत कराया गया जिसमें प्रशिक्षण, किसान मेला, डेमोन्स्ट्रेशन आदि कार्य शामिल हैं। पशुपालन व गव्य विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा में वर्ष 2022-23 में गाय वितरण की योजना में बचे हुए लक्ष्य को एक सप्ताह में पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन प्राप्त करने का भी निदेश दिया गया। आवेदन की संख्या बढ़ाने के लिए बेहतर तरीके से प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी को जिला में एक फिश ब्रीडिंग सेंटर प्रारंभ करने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। उद्यान विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्राप्त आवेदन की जानकारी दी गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला पशुपालन व गव्य विकास पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, आत्मा उप परियोजना निदेशक, कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी, सभी बीटीएम, एटीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद धीरज साहू की भाभी का निधन, शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के बड़े भाई उदय शंकर साहू की धर्मपत्नी अरुणा साहू का निधन हो गया। उनके निधन पर जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, ट्रक ऑनर एसोसिएशन समेत अन्य ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। वही कांग्रेस परिवार ने भी गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। जिलाध्यक्ष सूखैर भगत ने कहा कि इनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में साहू परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दुःख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी साहू परिवार के साथ खड़ी है और ईश्वर से प्रार्थना है इस विकट परिस्थिति में पूरे परिवार को दुःख सहने की शक्ति दे तथा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दुःख प्रकट करने वालों में स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, सकील अहमद, अशोक कुमार यादव, अजय सहदेव, नेसार अहमद, साबिर खान आदि शामिल थे।

# भक्तों ने देवाकी बाबाधाम में किया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवाकी बाबाधाम के लिए रवाना हुए। काँवर यात्रा की शुरूआत मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से हुई। शिवभक्तो की टोली बरवाटोली से निकलकर महावीर चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए देवाकी के लिए प्रस्थान किया। फूलो से सजी पालकी में भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर शिवभक्त पैदल देवाकी पहुचे। पालकी के पीछे पीछे शिवभक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते हुए देवाकी पहुचे। लगभग 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण किया। वही भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमानजी, नंदी महाराज, शिवगण समेत अन्य की सजीव झांकी सजाई गई थी। वही मास्टर धनेश व उनकी टीम के द्वारा भव्य भक्ति जागरण किया गया। शिवभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आये। भक्तगण कतारबद्ध तरीके से होकर पैदल जा रहे थे। भक्तो की लगभग एक किमी लंबी कतार लग गई थी। भक्तगण हर हर महादेव, जय शिव शंकर, जय श्री राम आदि के जयकारे लगा रहे थे। काँवर यात्रा का उद्घाटन उपायुक्त डा० बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

## अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन



**लोहरदगा।** अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का भव्य आयोजन गायत्री मंदिर परिसर में मदन मोहन पांडे के द्वारा दीप प्रज्वलन कर गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ प्रारंभ किया गया। मथुरा से आए हुए अशोक कुमार पांडे ने बताया की जीव में सर्वश्रेष्ठ मनुष्य है और किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें मानव जीवन मिला है और इस उद्देश्य को जानने के लिए अखंड ज्योति पत्रिका का प्रकाशन निरंतर 1939 से हो रहा है। राधेश्याम प्रजापति ने भजन प्रस्तुत किया जिसमें- माता तेरे चरणों में स्थान जो मिल जाए........ में भक्तजन झूम उठे। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्य गोविंद साहू, नागेश्वर प्रसाद सिंह, लाल राजेंद्र प्रताप देव, केदार विश्वकर्मा, राजकिशोर विश्वकर्मा, विकेश कुमार सिन्हा,सतीश ठाकुर, भक्ति पद महतो, प्रतिमा देवी, संगीता मित्तल, किरण गुप्ता, पिंकी जयसवाल, दिलीप साहू, सौरव केसरी, उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**कैरो / लोहरदगा ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पाधिकारी पवन कुमार महतो के अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विकास योजना का समीक्षा बैठक किया गया ।मौके पर मनरेगा अंतर्गत निर्माण कराये जा रहें सिंचाइ कूप जो पूर्ण हो चुके हैं उसका अभिलेख बंद करने व अधूरे कूप को जल्द से जल्द पूर्ण कराने,बागवानी के तहत लक्ष्य के अनुरूप गढ़े की खुदाई पूर्ण कराने, पोटो हो खेल योजना अंतर्गत खेलाडियो के लिए चेंजिंग रूम व मैदान समतलीकरण कराने व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवास निर्माण कार्य को यथाशीग्रह लाभुको से मिलकर पूर्ण कराने का निर्देश दिया ।मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा,प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार,गुहा उरांव, शयमद्याल उरांव,सुहैल अहमद,राजेश उरांव, मंसूर आलम,नन्दा भगत, राजीव कुमार,पंचम एतवा पहान,प्रवेज अख्तर,राजमणी मिंज आदि उपस्थित थे।

## आस्था | श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# भक्तों ने किया जलाभिषेक, हर हर महादेव के गूंजे जयकारे

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सावन माह के तीसरे सोमवारी के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र विभिन शिव मंदिर और देवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी साथ ही प्रखंड मुख्यालय के अलावे सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, बदला, झखरा, सेन्हा, बक्सीडीपा, चंदवा गढ़गाँव सहित अन्य शिव मंदिरों में महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना के लिये सुबह से ही महिला पुरुष और बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु भक्तों का मन्दिर में आना प्रारंभ हो गया था। उस दौरान मंदिर में दिनभर भक्तों का भीड दिखाई दिया। मौके पर भक्तों ने शांति पूर्वक हर्षोउल्लाश के साथ पूजा अर्चना किया वही कही कही मंदिरों अधिक भीड़ होने के कारण पूजा कराने के लिए आचार्य पंडित के द्वारा लोगों को बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। जिसे प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ लगी रही। भगवान शंकर का पवित्र माह सावन के तीसरे सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष रूप से उमंग व उत्साह के साथ महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना किया गया। जिसे सभी जगह मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालु भक्तों का भीड़ से मेला सा दृश्य लग रहा था। वही श्रद्धालु भक्त विभिन्न नदी और जलाशय से जल ले कर बोल बम और हर हर महादेव का जयकारा करते हुए मंदिर परिसर पंहुच श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर से श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने लिये और क्षेत्र के लिये अमन चैन एवं सुख शांति के लिये मङ्गल कामना किया गया।



## NEWS इन ब्रीफ

### होटल कारोबार को अलग करेगी आईटीसी

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समूह आईटीसी ने अपने होटल कारोबार को अलग करने और पूर्ण अनुषंगी इकाई आईटीसी होटल्स लि. का गठन करने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, आईटीसी लि. के निदेशक मंडल ने 24 जुलाई, 2023 को हुई बैठक में होटल कारोबार के लिए विभिन्न वैकल्पिक ढांचों का आकलन किया और उसपर चर्चा की। विचार-विमर्श के बाद, निदेशक मंडल ने होटल कारोबार को व्यवस्था योजना (कंपनी के कारोबार पुनर्गठन को लेकर कंपनी और शेयरधारकों या कर्जदाताओं के बीच समझौता) के तहत अलग करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

### कर्मचारियों को ईपीएफ स्कीम पर 8.15% मिलेगा ब्याज

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ खाते के लिए ब्याज दर 8.15% घोषित की है। ईपीएफ खाते पर ब्याज दर की घोषणा 24 जुलाई, 2023 को एक सर्कुलर के माध्यम से की गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ खाते पर 8.15 फीसदी की ब्याज दर तय की थी और मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा था। अगस्त तक ईपीएफओ सदस्यों के खाते में ब्याज का पैसा आने लगेगा। 1952 के पैरा 60 के प्रावधानों के अनुसार ईपीएफ योजना के प्रत्येक सदस्य के खाते में वर्ष 2022-23 के लिए 8.15% की दर से ब्याज जमा करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैरा 60 (1) के तहत केंद्र सरकार की मंजूरी से अवगत कराया है।

### केनरा बैंक का मुनाफा पहली तिमाही में 75% बढ़कर 3,535 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाले केनरा बैंक ने सोमवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 75 प्रतिशत बढ़कर 3,535 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने बताया कि फंसे हुए कर्ज में गिरावट और ब्याज आय में वृद्धि से उसे मदद मिली। बेंगलुरु स्थित ऋणदाता ने एक साल पहले की अवधि में 2,022 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 29,828 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 23,352 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में बैंक की ब्याज आय सालाना आधार पर 18,177 करोड़ रुपए से बढ़कर 25,004 करोड़ रुपए हो गई। जून तिमाही के अंत में सकल एनपीए (गैर-निष्पादित संपत्ति) घटकर 5.15 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 6.98 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए 2.48 प्रतिशत से घटकर 1.57 प्रतिशत रह गया।

### बदल गया ट्विटर का लोगो चिड़िया की जगह नजर आएगा एक्स

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को नया लोगो मिल गया है। अब नीली चिड़िया की जगह काले-सफेद रंग के 'एक्स' ने ले ली है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने इसकी घोषणा की। मस्क ने सोमवार को अपने ट्विटर अकाउंट का 'लोगो' बदल दिया। उन्होंने पिछले साल 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। इसके बाद उन्होंने साइट में कई बदलाव किए हैं। मस्क ने रविवार देर रात ट्वीट करके बताया था कि वह लोगो' में बदलाव सोमवार को ही करना चाहते हैं। मस्क ने लिखा था, और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड तथा सभी चिड़ियों को अलविदा कह देंगे। विपणन सलाहकार कंपनी मेटाफोर्स' के सह-संस्थापक एलन एडम्सन ने कहा कि 'एक्स' से जुड़े मस्क के पुराने इतिहास को देखते हुए यह बदलाव आश्चर्यजनक नहीं है। टेस्ला के अरबपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में ट्वीट किया था।

## वी ने भारत के युवाओं के लिए 10,000 से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय नौकरियां उपलब्ध कराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता, वी ने देश के सबसे बड़े जॉब सर्च प्लेटफॉर्म अपना के साथ साझेदारी में एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप के वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म पर 10,000 से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए हैं। वी के यूजर अब यूएई, जापान, मलेशिया, रूस, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और युनाईटेड किंगडम जैसे देशों में मैनुफैक्चरिंग, सेल्स, बिजनेस डेवलपमेन्ट, कस्टमर सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स आदि क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय नौकरियों के लुभावने अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन अवसरों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन डिग्री, आईटीआई सर्टिफिकेशन या स्पेशलाइज्ड डिप्लोमा में शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवार को पास भारत में इसी कार्य क्षेत्र में जरूरी कौशल और काम करने का पूर्व अनुभव भी होना चाहिए। भारत को कौशल की दृष्टि से दुनिया की राजधानी बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप वी और अपना यह अनूठा प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो देश के जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाने में सक्षम होगा। बहुत से देश भारतीय प्रतिभा को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि माना जाता है कि भारतीय युवा खूब मेहनती होने के साथ-साथ समस्याओं के समाधान में सक्षम होते हैं, वे डिजिटल रूप से साक्षर होते हैं, साथ ही उनमें नई तकनीकों के अनुसार अपने आप को ढालने की क्षमता भी होती है।


## खरीफ सत्र में धान की बुवाई 21 जुलाई तक तीन प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** चालू खरीफ सत्र (ग्रीष्मकालीन बुवाई) में 21 जुलाई तक धान की बुवाई का क्षेत्रफल तीन प्रतिशत बढ़कर 180.2 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि दलहन का रकबा 10 प्रतिशत घटकर 85.85 लाख हेक्टेयर रह गया है। कृषि मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में धान का रकबा 175.47 लाख हेक्टेयर और दलहन का रकबा 95.22 लाख हेक्टेयर था। धान खरीफ की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के साथ शुरू होती है। देश के कुल चावल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत खरीफ सत्र से आता है। आंकड़ों के अनुसार, श्री अन्न या मोटे अनाज का रकबा 21 जुलाई तक बढ़कर 134.91 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 128.75 लाख हेक्टेयर था।

### बिक गई अडानी की 1600 करोड़ की अडानी कैपिटल और अडाणी हाउसिंग कंपनी

## अमेरिकी फर्म ने खरीदी 90% हिस्सेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




अडानी समूह की दो कंपनियां बिक गई है। टॉप ग्लोबल इक्विटी फर्म बेन कैपिटल ने अडानी समूह की कंपनी अडाणी कैपिटल और अडानी हाउसिंग का अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण को लेकर दोनों कंपनियों के बीच समझौता हो गया है। इस डील के तहत बेन कैपिटल अडाणी कैपिटल और अडानी हाउसिंग की 90 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। जबकि 10 फीसदी हिस्सेदारी मैनेजमेंट, एमडी और सीईओ गौतम गुप्ता के पास रहेगा। इस डील के बाद अडाणी की नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी की हिस्सेदारी बेन कैपिटल के पास पहुंच गई है। अमेरिकी फर्म ने 1440 करोड़ रुपये में यह हिस्सेदारी खरीदी है। वहीं अडाणी फाइनेंशियल सर्विस का कुल वैल्यूएशन 1600 करोड़ रुपये की है। इस डील के बार में गौतम अडाणी ने कहा कि वो बहुत खुश हैं कि बेन कैपिटल जैसे निवेशक कंपनी के साथ जुड़े हैं। वहीं बेन कैपिचल ने कहा कि उन्हें अडाणी कैपिटल की क्षमता पर पूरा भरोसा है। गौरतलब है कि साल 2017 में अडाणी समूह ने अपना शैडो बैंकिंग बिजनेस शुरू किया था, लेकिन अब अडाणी परिवार इस कंपनी ने अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच रहा है। बैन कैपिटल ने अडानी परिवार की सौ फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। जबकि गौरव गुप्ता अपनी हिस्सेदारी को बरकरार रखेंगे। वो कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के पद पर बने रहेंगे। अडाणी समूह की इन दोनों कंपनियों में हिस्सेदारी हासिल करने के बाद बेन कैपिटल इस कंपनी में 120 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। कंपनी को आर्थिक मजबूती देने के लिए बेन कैपिटल नॉन कनवर्टिबल डिबेंचर के तौर पर कंपनी को 5 करोड़ डॉलर का लिक्विडिटी लाइन भी उपलब्ध करवाएगी। गौरतलब है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से अडानी समूह अलग-अलग तरीके से फंड जुटाने की योजना पर काम कर रहा है। रिपोर्ट में अडाणी समूह के कर्ज से लेकर कंपनी के वित्तीय सेहत पर सवाल उठे थे। इस रिपोर्ट के बाद से कंपनी कर्ज को लगातार कम करने की कोशिश में जुटी है।

# लोन वसूलने में बैंक की ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जायेगी : वित्त मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने कहा है कि ऋण वसूली में बैंक वालों की ज्यादती बिल्कुल नहीं चलेगी। चाहे वह पब्लिक सेक्टर के बैंक हो या प्राइवेट सेक्टर के बैंक। गरीब किसानों के साथ तो कतई ऐसा नहीं होना चाहिए। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में कही। वह लोकसभा में एक सवाल का जवाब दे रही थीं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि सभी बैंकों, चाहे सार्वजनिक हों या निजी, को आरबीआई के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि वे छूटी हुई ऋण किश्तों के भुगतान के मुद्दे पर गरीब किसानों के साथ मानवीय और संवेदनशील तरीके से निपटें। प्रश्नकाल के दौरान जब वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड खराब ऋण बकाएदारों से निपटने के दौरान बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाली कठोर रणनीति पर एक शिवसेना सदस्य के सवाल का जवाब दे रहे थे, तो सीतारमण ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है, जिसे अक्सर सरकार के ध्यान में लाया गया है। सीतारमण ने कहा यहां एक संवेदनशील मुद्दा उठाया गया है। सार्वजनिक या निजी बैंकों द्वारा गरीब किसानों के साथ व्यवहार करते समय हाथ मरोड़ने की रणनीति अपनाने के ऐसे मामले हमारे संज्ञान में लाए गए हैं। हमने अक्सर आरबीआई के माध्यम से बैंकों को ऐसे लोगों से मानवीय तरीके से निपटने का निर्देश दिया है। ऋण की किश्तें वसूलने की कोशिश में बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा शारीरिक हिंसा तक करने के मामले सामने आए हैं। लोन वसूली को लेकर रिजर्व बैंक ने पिछले साल ही नया नियम जारी किया है। रिजर्व बैंक ने कंपनियों से कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि लोन वसूली में रिकवरी एजेंट ग्राहकों को किसी प्रकार की धमकी न दें। कर्ज की वसूली में ग्राहक के साथ किसी प्रकार की ज्यादती नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पहले से नियम बनाए गए हैं, उन नियमों का हर हाल में पालन जरूरी है। इसी के साथ रिजर्व बैंक ने कहा है कि फोन पर लोन का पैसा मांगने का समय 8 बजे सुबह से 7 बजे शाम तक सेट किया गया है। रिकवरी एजेंट इसी समय के दरम्यान पैसे मांग सकता है। ऐसा देखा गया है कि बैंक, एनबीएफसी या अन्य रेगलुलेटेड इनटिटीज लोन वसूली के लिए रिकवरी एजेंट की नियुक्ति करते हैं। ये रिकवरी एजेंट नियम-कानूनों को ध्यान में नहीं रखते। फाइनेंशियल सर्विस की आउटसोर्सिंग के लिए कुछ नियम तय हैं जिसका पालन रिकवरी एजेंट पूरी तरह नहीं करते।

### नेपाल के रास्ते दूसरी बार भारत में अवैध घुसपैठ करने वाले 2 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**काठमंडू।** भारत की सीमा में अवैध घुसपैठ करने के आरोप में आव्रजन अधिकारियों ने बिहार में दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है । ये दोनों एक महीने से कम समय में दूसरी बार नेपाल के रास्ते भारतीय क्षेत्र में घुसे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सहायक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी एस.के. सिंह ने बताया कि उन्हें पूर्वी चंपारण जिले स्थित रक्सौल सीमा चौकी पर शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान विदेशियों ने बताया कि उनके नाम झाओ जिंग और फू कांग हैं और वे दोनों चीन के जाओक्सिंग प्रांत के रहने वाले हैं। सिंह ने बताया के दोनों के पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं थे और उनका दावा था वे पासपोर्ट सीमा पार बीरगंज के एक होटल में भूल आए हैं जहां पर वे पिछली रात रुके थे।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू
### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2023

दिनांक : 28/07/2023 — **सूचना** — समय–10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक

स्थान : जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज में दिनांक 28/07/2023 को समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Tentative Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Elite Public B.Ed. College, Daltonganj | Lecturer | 3 | M.Ed. | NET/Ph.D. | - | 21+ | As per NPU or negotiable |
| 2 | Construction Industry Development Council, Daltonganj | GWS | 25 | $12^{th}$ | - | - | 18-30yr | 12000+other benefits |
| | | Electrician | 25 | $12^{th}$ | - | - | | |
| 3 | LIC of India, Redma, Daltonganj | Insurance Advisor | 100 | Matric | - | - | 18 + yr | Commission Basis |
| 4 | Aviral Rakshak Services Pvt Ltd, Daltonganj | Sec. Guard | 40 | $10^{th}$ | - | - | 20-40 | 11,500/- |
| | | Sec. Supervisor | 05 | $12^{th}$ | - | - | 20-35 | 13,500/- |
| | | Area/Sales Officer | 02 | Graduation | - | - | 30-35 | 14,700/- |
| 5 | Sri Narayan Multi Specialty Hospital, Daltonganj | Nurse | 03 | B.Sc Nursing | 75% Marks | 4 Yrs | 30-35 | Negotiable |
| 6 | Svatantra Micro Finance Pvt. Ltd, Daltonganj | Field Officer | 70 | $12^{th}$ | - | - | 20-28 | 10,029/- |
| | | Collection Officer-RO | 11 | $12^{th}$ | - | - | 20-28 | 10,029/- |
| 7 | M.K.D.A.V. Public School, Daltonganj | Nurse | 01 | B.Sc(Nursing)/ANM/GNM | - | - | 18-35 | 28,000/- |
| 8 | Oxford Public School, Daltonganj | Gardener | 2 | Matric | - | - | 18-45 | As per school norms |
| | | Security Guard | 5 | $10^{th}$ / $12^{th}$ | - | - | | |
| 9 | M/s Suntek Chlorides Pvt. Ltd. Rehla, Palamu | Shift Incharge | 03 | Dilpoma/B.Tech./CIPET | Electrical/Mechanical/Plastic Engineering | 5-7 Yrs | 18-45 | 20,000-30,000/- |
| | | Quality Control Supervisor | 02 | Dilpoma/B.Sc./M.Sc./B.Tech./CIPET | Plastic Engineering /Chemical/Polymer | 5-7 Yrs | | 18,000-25,000/- |
| | | Operator | 04 | Diploma/ITI in Fitter | Electricla/ Mechanical/ Plastic Engineering/ Fitter | 4-5 Yrs | | 12,000-20,000/- |
| | | Assistant Operator | 06 | | | | | 12,000-20,000/- |
| | | Painter | 04 | $10^{th}$ Pass | - | 5Yrs | | 10,000-13,000/- |
| | | Labour for shifting of goods | 04 | $10^{th}$ Pass | - | 4 Yrs | | 10,000-13,000/- |
| 10 | Prakash Chand Jain Sewa Sadan, Daltonganj | Doctor | 04 | MBBS | Gynecologist/Eye/Pediatric/Anesthesia | - | 30+ | -- |
| 11 | Towaso Pvt. Ltd. Jamshedpur | Worker | 10 | Non-Matric | - | - | 18-30 | 10,195/- |
| | | Supervisor | 1 | Graduation | - | - | 25-35 | 13,649/- |
| | | E-rickshaw driver cum field staff | 2 | Matric | - | - | 22-32 | 10,195/- |
| 12 | SIS Limited, Belchampa, Garhwa | Security Guard | 200 | $10^{th}$ Pass | - | - | 21-37 | 12,000-21,500/- |
| | | Security Officer | 50 | $12^{th}$ Pass | - | - | | 15,000-25,000/- |
| | | GTO Officer Cadre | 100 | Graduation | - | - | | 27,500-30,000/- |
| 13 | Seva Sahyog Securities and Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 136 | $10^{th}$ | - | - | 18-45 | 8,000-15,000/- |
| | | Security Supervisor | 10 | Graduation | - | 1Yr in Sec. Sector | 22-45 | 9,000-17,000/- |
| | | House Keeping | 25 | $10^{th}$ | - | - | 18-45 | 7,000-12,000/- |
| | | Housekeeping Supervisor | 5 | Graduation | - | 1 Yr in Housekeeping | 22-45 | 8,000-15,000/- |
| | | Gunman | 20 | Non-Matric | License All India | - | 25-45 | 20,000/- |
| | | Security Officer | 8 | Graduation | Ex-Army | 3 Yrs | 35-45 | 12,000-18,000/- |
| | | Office Staff | 5 | Graduation | Computer Knowledge | - | 25-45 | 8,000-20,000/- |
| | | Cook | 4 | Non-Matric | Cooking Experience | - | 20-55 | 7,000-12,000/- |
| 14 | Innovative Retail Concept Pvt. Ltd. (BIGBASKET) Ranchi | Delivery Partner | 100 | Any Qualification | - | - | 18-40 | 18,000-30,000/- |
| 15 | Channelplay Consulting Ltd, Haryana | BDE (Airtel Payment Bank) | 20 | Matric/Inter | Hiring for same District/Block | - | 18-26 | 11,500/-+Incentive & TA |
| 16 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 27 | $12^{th}$/Graduate/ITI | DL/LLR & Two Wheeler | - | 19-29 | 12,250+Fuel+ other incentive |
| 17 | Youth Employment Service, Gujrat :- (i) Highly Electric Ltd | Helper/Operator | 100 | ITI/Diploma | - | - | 18-30 | 13,100/- for 10hrs |
| | (ii) Minda Kosei Aluminum Pvt Ltd | Helper/Operator | 150 | $12^{th}$/ITI/Graduation | - | - | 18-35 Yrs | 17,912/- for 8hrs |
| 18 | Universal Enterprises Gujrat | Helper/Operator | 100 | 10th/ ITI | - | - | 18-30 | 17,000-18,000/- |
| 19 | Accurateone Employment Services Pvt Ltd, Bihar :- (i) JBM Auto Ltd | Production Operator | 100 | $10^{th}$/$12^{th}$/ITI | - | - | 18-40 | 14,000-18,000/- |
| | (ii) Zomato | Delivery Associate | 50 | $10^{th}$/$12^{th}$ | - | - | 18-35 | 8,000-,18,000/- |
| | Total no. of Vacancy | | 1542 | | | | | |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल www.rojgar.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू

PR 303112 District (23-24)_D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
### ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 04/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।
2. Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 25.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 04.08.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि/स्थान। :– दिनांक 05.08.2023 (अपराह्न 2:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 05.08.2023 (अपराह्न 3:00 बजे)
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 10 | छतरपुर | प्रखण्ड छतरपुर में प्रखण्ड कार्यालय के समीप मार्केटिंग कम्पलेक्स का निर्माण। | 9292500.00 | 186000.00 | 10000.00 | 06 माह | 10/2023-24 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 11 | सदर मेदिनीनगर | जिला परिषद, पलामू के कार्यालय भवन के उन्नयन/मरम्मति। | 4623100.00 | 92500.00 | 10000.00 | 06 माह | 11/2023-24 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो सचिव, जिला परिषद पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 303102 (District) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/11/2023-24

डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद, चतरा | Residual Work of Training Hall cum Skill Centre at Chatra. | 2497000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –01.08.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –07.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.08.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10.विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR303093 (Rural Development)23-24*D



## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

### E-Procurement Very Short Tender Notice
Tender Reference No. DWSD/LTR/HYDT-07/23-24 (3rd Call) Date – 24.07.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | :- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | :- | 24.07.2023 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | :- | 31.07.2023 upto 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | :- | 01.08.2023 at 05.00 P.M 1. Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 05 | Date of Opening Tender | :- | 02.08.2023 at 02.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | :- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | :- | 9199154542 & 6201242103 |

Detail of work:-

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of High Yield Drilled Tube well at-214 Batalion CRPF Auranga Camp Dalda Factory Latehar. | 01 | Rs. 192428.00 | 4000.00 | 500.00 | 15 Days |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3.Only Registerd Contractor in this Department in Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 303132 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**'जीवन की नौका को अगर हौसले और संघर्ष की पतवार से दौड़ाया जाये, तो कोई भी सुनामी आपके जीवन रूपी नौका की रफ्तार को नहीं रोक सकती।' - अज्ञात**



# बच्चों की मौत पर राजनीति

***झारखंड*** के पलामू जिले में पिछले दिनों लापरवाही के कारण चार बच्चियों की जान आहर में डूब कर हो गयी। यह घटना महज घटना नहीं अपितु सरकारी महकमें पर जोरदार तमाचा है। बच्चियां स्कूल पढ़ने गयी थी। स्कूल आहर के बगल में था। चहारदीवारी नहीं होने की वजह से असमय ये बच्चियां जान गंवा बैठी। स्कूली छात्राओं की आहर में डूबकर हुई मौत की घटना की जानकारी मिलते ही झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी रामगढ़ पहुंचे और घटनास्थल जाकर हादसे का जायजा लिया। इस दौरान श्री त्रिपाठी ने विद्यालय प्रबंधन से बात की और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधि की लापरवाही के कारण विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है, जिसकी वजह से यह घटना घटी है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि उपायुक्त से मुलाकात कर विद्यालय में चहारदीवारी कराने की बात करेंगे। सभी मृतक बच्चियां सरजा गांव में स्थित शहीद नीलाम्बर पीताम्बर विद्यालय में प्रारम्भिक वर्ग की छात्रा थी। इनमें दो बच्चियां सगी बहनें हैं। चारो छात्राओं का शव बरामद होने के बाद जिले में आज भी सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जाता हैं कि अन्य दिनों की तरह उक्त चारो बच्चियां विद्यालय गई थी। जब शाम होने पर अपने घर नहीं लौटी तब चिंतित परिजनो ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान घटना की सुबह सरजा विद्यालय के पीछे स्थित आहर में सभी बच्चियों का शव पाया गया। इस दौरान पूछताछ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पता चला कि चारो बच्चियां विद्यालय आई थी। आशंका जताई गई कि चारो बच्चियां खेलते खेलते आहर की ओर चली गई होंगी और आहर के पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। विद्यालय में चहारदीवारी के नहीं होने से इतना बड़ा हादसा हुआ। यह बात सभी नेता और अधिकारी कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी लापरवाही हो जाने के बाद सभी यह मान रहे हैं कि चहारदीवारी स्कूल में जरूरी थी। यह बात पहले क्यों नहीं समझी गयी। गौरतलब हो कि इस हृदयविदारक हादसे की खबर फैलते पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग हादसा स्थल पर पहुंचे। चार मासूमों का शव देख हर किसी की आँख नम थी। प्रभावित परिवारों में तो जैसे पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो -रो कर बुरा हाल है। ऐसे में इस हादसे का जवाबदेह कौन है?सवाल तो उठता है। मुआवजे की राशि मिल जाने के बाद क्या बच्चियों की जान वापस आ सकती है। प्रायः यह देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा की बाबत कोई कदम नहीं उठाये जाते हैं। जिस कारण कभी स्कूल की छत गिर जाती है तो कभी वज्रपात से बच्चे असमय जान गंवा बैठते हैं। बहरहाल ऐसा ही दृष्य झारखंड के कई जिलों में देखने को मिलते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आयी गिरावट का यह एक नमूना भर है। ऐसे कई वाक्ये हमारी दिनचर्या में शामिल हैं।ऐसी स्थिति में हमारी संवेदनाओं पर आज मरहम लगाने वाला कोई नहीं है। उन मासूम बच्चों का आखिर क्या कसूर था। अगर समय रहते उस आहर पर पैनी नजर रखी जाती तो शायद ऐसी घटना कभी नहीं घटती। बहरहाल बच्चियों की मौत पर राजनीति जारी है।

**आशंका जताई गई कि चारो बच्चियां खेलते खेलते आहर की ओर चली गई होंगी और आहर के पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। विद्यालय में चहारदीवारी के नहीं होने से इतना बड़ा हादसा हुआ। यह बात सभी नेता और अधिकारी कर रहे हैं।**

# क्यों जरुरी है बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देना





आर.के.सिन्हा

***अभी कुछ*** दिन पहले ही केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) ने एक बेहद जरूरी फैसला लिया। इसके तहत अब सीबीएसई स्कूलों को प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक क्षेत्रीय व मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने का विकल्प देगी। अब तक, राज्य बोर्ड स्कूलों के विपरीत, सीबीएसई स्कूलों में केवल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम ही शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प था। सीबीएसई ने अपने सभी संबंधित स्कूलों से कहा है कि जहां तक संभव हो सके यथाशीध्र तो पांचवीं कक्षा तक क्षेत्रीय भाषा में या फिर बच्चे की मातृभाषा में पढ़ाई के विकल्प उपलब्ध करायें । बेशक, यह एक युगांतकारी फैसला है। हरेक बच्चे के पास यह विकल्प होना ही चाहिए कि वह अपनी मातृभाषा में स्कूली शिक्षा ग्रहण कर सके। हां, उसे विषय के रूप में कोई एक भाषा या एकाधिक भाषाएं पढ़ाई जा सकती हैं। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ने भी अपनी स्कूली शिक्षा क्रमशः अपनी मातृभाषा हिन्दी और मराठी में ही ली थी। ये दोनों आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल करने में सफल रहे। इन दोनों से बड़ा ज्ञानी कौन होगा। यानी आप प्राइमरी तक अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने के बाद बेहतर ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। टाटा समूह के चेयरमेन नटराजन चंद्रशेखरन ने भी अपनी स्कूली शिक्षा अपनी मातृभाषा तमिल में ही ली थी। यह जानकारी अपने आप में महत्वपूर्ण इस दृष्टि से है कि तमिल भाषा से स्कूली शिक्षा लेने वाले विद्यार्थी ने आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल किया और करियर के शिखर को छुआ। बेशक, भारत में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने की अंधी दौड़ के चलते अधिकतर बच्चे असली शिक्षा को पाने के आनंद से वंचित रह जाते हैं। असली शिक्षा का आनंद तो आप तब ही पा सकते हैं, जब आपने कम से कम पांचवीं तक की शिक्षा अपनी मातृभाषा में ही हासिल की हो। विभिन्न अध्ययनों से प्रमाणित हो चुका है कि जो बच्चे मातृभाषा में स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हैं, वे अधिक सीखते हैं। अंग्रेजी का विरोध नहीं है या अंग्रेजी शिक्षा या अध्ययन को लेकर कोई आपत्ति भी नहीं है। पर भारत को अपनी भाषाएं, चाहे हिन्दी, तमिल, बांग्ला या कोई अन्य, में प्राइमरी स्कूली शिक्षा देने के संबंध में तो बहुत पहले ही फैसला ले लेना चाहिए था। क्योंकि उसके बिना बच्चों को सही शिक्षा तो नहीं दी जा सकती। हां, शिक्षा के नाम पर प्रमाणपत्र जरूर बांटे जा सकते हैं। याद रखें कि शिक्षा का अर्थ है ज्ञान। बच्चे को ज्ञान कहां मिला? हम तो उन्हें नौकरी पाने के लिए तैयार कर रहे हैं। अभी हमारे यहां पर दुर्भाग्यवश स्कूली या कालेज शिक्षा का अर्थ नौकरी पाने से अधिक कुछ भी नहीं है। आजादी के बाद हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के उत्थान का जो सपना देखा गया था वह सपना दस्तावेजों और सरकारी कार्यक्रमों में ही दबकर रह गया था। हम सब जानते हैं कि सारे देश में अंग्रेजी के माध्यम से स्कूली शिक्षा लेने- देने की महामारी ने अखिल भारतीय स्वरूप ले लिया है। जम्मू-कश्मीर तथा नगालैंड ने अपने सभी स्कूलों में शिक्षा का

**सीबीएसई ने अपने सभी संबंधित स्कूलों से कहा है कि जहां तक संभव हो सके यथाशीध्र तो पांचवीं कक्षा तक क्षेत्रीय भाषा में या फिर बच्चे की मातृभाषा में पढ़ाई के विकल्प उपलब्ध करायें।**

## इन दिनों

एकमात्र माध्यम अंग्रेजी ही कर दिया है। महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडू समेत कुछ और अन्य राज्यों में छात्रों को विकल्प दिये जा रहे हैं कि वे चाहें तो अपनी पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी रख सकते हैं। यानी बच्चों को उनकी मातृभाषा से दूर करने की भरपूर कोशिश हुई। मुझे मेरे एक मित्र, जो राजधानी के मशहूर स्कूल के प्रधानाचार्य रहे हैं, बता रहे थे कि जब वे हरियाणा के करनाल जिले के एक ग्रामीण इलाके में पढ़ा रहे थे तो उन्हें एक नया अनुभव हुआ। वहां पर माता-पिता के साथ बच्चे खुशी-खुशी स्कूल में दाखिला लेने आते। वे नई किताबें और कॉपियां लेकर स्कूल आने लगते। लेकिन, स्कूल में कुछ दिन बिताने के बाद उनका स्कूल से मोहभंग होने लगता। वे कहने लगते कि उन्हें तो पढ़ना आता ही नहीं। वे धीरे-धीरे चुप रहने लगते कक्षा में। इसकी वजह यह थी कि उन्हें पढ़ाया जाता था अंग्रेजी में। उन्हें उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता तो शायद उनका स्कूल और पढ़ाई से मोहभंग न होता। इस स्थिति के कारण अनेक बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते। विद्यार्थियों को मातृभाषा में शिक्षा देना मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक रूप से वांछनीय है, क्योंकि, विद्यालय आने पर बच्चे यदि अपनी भाषा में पढ़ते हैं, तो वे विद्यालय में आत्मीयता का अनुभव करने लगते हैं और यदि उन्हें सब कुछ उन्हीं की भाषा में पढ़ाया जाता है, तो उनके लिए सारी चीजों को समझना बेहद आसान हो जाता है। समूचे संसार के भाषा-वैज्ञानिकों, अध्यापकों और शिक्षा से जुड़े अन्य जानकारों की राय है कि बच्चा सबसे आराम से अपनी भाषा में पढ़ाए जाने पर ही शिक्षा ग्रहण करता है। जैसे ही उसे किसी अन्य भाषा में पढ़ाया जाने लगता है, तब ही गड़बड़ चालू हो जाती है। हमारे देश में तो यही होता चला आ रहा है। कई अध्ययनों से साबित हो चुका है कि जो बच्चे अपनी मातृभाषा में प्राइमरी से पढ़ना चालू करते हैं उनके लिए शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावनाएं अधिक प्रबल रहती हैं। यानी बच्चे जिस भाषा को घर में अपने अभिभावकों,भाई-बहनों, मित्रों के साथ बोलते हैं, उसमें पढ़ने में उन्हें अधिक सुविधा रहती है। अफसोस कि हमारे देश के एक बड़े वर्ग ने मान लिया है कि अंग्रेजी जाने-समझे बिना गति नहीं है। इसके चलते हर स्तर पर इसे बढ़ावा देने की मानसिकता नजर आती है। एक तरह से यह सोच घर कर गई है कि अंग्रेजी जाने बिना दुनिया अधूरी-अधकचरी है। बेशक, इसी मानसिकता के चलते हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा अपनी आय का एक बड़ा भाग अपने बच्चों को कथित अंग्रेजी स्कूलों में भेजने पर खर्च करने लगा है। एक अनुमान के मुताबिक, वर्तमान में भारत के 25 फीसद स्कूली बच्चे उन स्कूलों में पढ़ाई शुरू करने लगे हैं, जहां पर मातृभाषा की बजाय शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। इन बच्चों को शिक्षा का आनंद आ ही नहीं सकता। और इनमें से अनेक अंग्रेजी की अनिवार्यता का चलते स्कूलों को छोड़ देते हैं। खैर, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) के ताजा फैसले से एक उम्मीद अवश्य जागी है कि चलो हमने भी भारत की अपनी भाषाओं को सम्मान देना भले ही देर से चालू तो किया।

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा शिव पुराण की

***तब*** दोनों के विवाद को शान्त करने के लिये एक अद्भुत ज्योतिर्लिंग का अर्विभाव हुआ। दोनों बड़े आश्चर्य के साथ इस ज्योतिर्लिंग को देखते रहे और इसका स्वरूप जानने के लिये ब्रह्मा हंस स्वरूप बनाकर ऊपर की ओर और विष्णु वाराह स्वरूप धारण कर नीचे की ओर गये। लेकिन दोनों ही ज्योतिर्लिंग के आदि-अन्त का पता नहीं कर सके। इस प्रकार 100 वर्ष बीत गये। इसके पश्चात ज्योतिर्लिंग से उन्हें ओंकार शब्द का नाद सुनायी पड़ा और पँचमुखी एक मूर्ति दिखायी पड़ी। ये ही शिव थे। ब्रह्मा और विष्णु ने उन्हें प्रणाम किया, तब शिव ने कहा, ''कि तुम दोनों मेरे ही अंश से उत्पन्न हुये हो।'' और ब्रह्मा को सृष्टि की रचना एवं विष्णु को सृष्टि का पालन करने की जिम्मेदारी प्रदान की। शिव पुराण में 24000 श्लोक हैं। इसमें तारकासुर वध, मदन दाह, पार्वती की तपस्या, शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय का जन्म, त्रिपुर का वध, केतकी के पुष्प शिव पुजा में निषेद्य, रावण की शिव-भक्ति आदि प्रसंग वर्णित हैं।

**शिव पुराण में 12 संहितायें**

**1.** विघ्नेश्वर संहिता **2.** रुद्र संहिता **3.** वैनायक संहिता **4.** भौम संहिता **5.** मात्र संहिता **6.** रूद्रएकादश संहिता **7.** कैलाश संहिता **8.** शत रूद्र संहिता **9.** कोटि रूद्र संहिता **10.** सहस्त्र कोटि रूद्र संहिता **11.** वायवीय संहिता **12.** धर्म संहिता

**विघ्नेश्वर तथा रौद्रं वैनायक मनुत्तमम। भौमं मात्र पुराणं च रूद्रैकादशं तथा। कैलाशं शत्रूद्रं च कोटि रूद्राख्यमेव च। सहस्त्रकोटि रूद्राख्यंवायुवीय ततःपरमधर्मसंज्ञं पुराणं चेत्यैवं द्वादशः संहिता। तदैव लक्षणमुदिष्टं शैवं शाखा विभेदतः**

इन संहिताओं के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं तथा शिव धाम की प्राप्ति हो जाती है।

*(क्रमशः)*

# योगी सरकार, शिक्षा में बड़ा सुधार


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***योगी*** सरकार ने छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। इसमें शिक्षा भी शामिल है। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली है। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख 64 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 2.36 लाख शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जायेगी। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी। अब ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण की शुरूआत की तैयारी शुरू हो रही है। इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ना होगा। विद्यालयों में 'एट ग्रेड लर्निंग' की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जायेगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। उत्तर प्रदेश के विकास पर नीति आयोग की रिपोर्ट चर्चा में है। इसके आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन का आकलन किया जा सकता है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपी विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण था। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने लोक भवन में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। इसके अलावा योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में यूपी की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। शिक्षा देश और समाज के भविष्य को संवारने का माध्यम है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह

**ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली है।**

## बदलाव

राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। विगत छह वर्षों के प्रयास के बाद आज पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। आज प्रदेश में 22 राज्य विश्वविद्यालय व तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। छत्तीस निजी विश्वविद्यालय, दो एम्स हैं। दो आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। दो हजार से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं। कुछ दिन बाद हर जिले में विश्वविद्यालय नजर आएंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**जब तक किसी काम को किया नहीं जाता, तब तक वह असंभव लगता है।**

# मुकदमों के बोझ से झुकी अदालतें व जटिल होता जीवन


ललित गर्ग

***लोकतंत्र*** के चार स्तंभों में से एक न्यायपालिका इन दिनों काफी दबाव में है। उस पर मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। देश के सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न अदालतों में मुकदमों का बोझ इस कदर हावी है कि न्याय की रफ्तार धीमी से धीमी होती जा रही है। अदालतों पर बढ़ते बोझ की समस्या की तस्वीर आंकड़ों के साथ पेश की जाए तो आम आदमी न्याय की आस ही छोड़ बैठेगा। साफ है कि एक ओर तो न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ लदा है, दूसरी ओर उसके जरूरत भर न्यायाधीश भी नहीं हैं। देश की न्याय प्रक्रिया को यदि दुरुस्त करना है तो एक साथ दो मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। देश के छोटे-बड़े सभी न्यायालयों में लगभग 5 करोड़ मुकदमे पैंडिंग हैं। कई तो 30-30 वर्षों से चल रहे हैं। संबंधित मर-खप गया, कई विदेश चले गये, कईयों को लापता घोषित कर दिया गया। न्याय में विलम्ब करना न्याय से इन्कार करना होता है। न्यायाधीशों पर भी अंगुली उठती है। भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। हजारों छोटे-बड़े न्यायालयों में न्यायधीशों की योग्यता पर भी चर्चा सुनते-पढ़ते हैं। न्यायालय के कार्यों में राजनैतिक हस्तक्षेप की बात आम है। निष्पक्ष होकर न्याय करने वाले भी कभी-कभी प्रभावित हो जाते हैं। जो फैसले निचली अदालतें करती हैं, उनमें से कई ऊंची अदालतों में जाकर उलट जाते हैं। देश में लंबित मुकदमों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है-न केवल निचली अदालतों में, बल्कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी। अब उनकी संख्या 4.4 करोड़ पहुंच गई है। यह स्थिति गहन चिंता का विषय बननी चाहिए, क्योंकि इससे यही पता चलता है कि न्यायिक व्यवस्था चरमरा रही है। यह तथ्य चकित करने वाला है कि केंद्र सरकार ही 6.3 लाख मुकदमों में पक्षकार है। जब केंद्र सरकार इतने अधिक मुकदमे लड़ रही है तो फिर यह सहज ही समझा जा सकता है कि राज्य सरकारें भी बड़ी संख्या में मुकदमे लड़ रही होंगी। वास्तव में इस एक कारण से भी निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक हालिया आंकड़े के अनुसार हर तरह के न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ से अधिक पहुंच गई है। देश में कानूनमुक्त शासन व्यवस्था स्थापित करने पर चिन्तन होना चाहिए। देश में सबसे ज्यादा मुकदमे रेवेन्यू से जुड़े हुए हैं। गांवों में जमीन के बंटवारे या सीमा निर्धारण को लेकर देश की निचली अदालतों में अंबार लगा हुआ है। इस तरह के मुकदमों के निपटारे में ग्राम पंचायत की कहीं कोई भूमिका तय हो तो शायद कोई स्थाई समाधान संभव हो सकता है। लाख प्रयासों के बावजूद देश की अदालतों में मुकदमों का अंबार कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इनमें से करीब 87 फीसदी मुकदमे देश की निचली अदालतों में लंबित हैं तो करीब 12 फीसदी मुकदमे राज्यों के उच्च न्यायालयों में लंबित चल रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत में एक प्रतिशत मुकदमे लंबित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि न्यायालयों में मुकदमों का अंबार लगा हुआ है तो दूसरी ओर सभी पक्ष इसे लेकर चिंतित भी हैं। लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या का एक कारण न्यायाधीशों और संसाधनों की कमी बताई जाती है।

**देश के छोटे-बड़े सभी न्यायालयों में लगभग 5 करोड़ मुकदमे पैंडिंग हैं। कई तो 30-30 वर्षों से चल रहे हैं। संबंधित मर-खप गया, कई विदेश चले गये, कईयों को लापता घोषित कर दिया गया।**

## न्यायपालिका

निःसंदेह यह एक कारण है, लेकिन इसे एकमात्र कारण नहीं कहा जा सकता। क्या इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ हो सकता है कि सरकारें अपने ही लोगों को मुकदमेबाजी में उलझाए रहें? लंबित मुकदमों के निस्तारण में देरी से केवल लोगों का न्यायिक तंत्र पर भरोसा ही कमजोर नहीं होता, बल्कि देश की प्रगति भी बाधित होती है, क्योंकि करोड़ों लोग काम-धंधे पर ध्यान देने के बजाय अदालतों के चक्कर लगाते हैं और अपने समय के साथ धन की भी बबार्दी करते हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चेहरे पर निकल आते हैं मुंहासे तो इस तरह पायें इनसे निजात



बारिश के मौसम में अपनी त्वचा की साफ-सफाई पर अधिक ध्यान दें। दरअसल, इस मौसम में हवा में नमी और बैक्टीरिया ज्यादा होते हैं जिससे स्किन पोर्स में गंदगी जमा हो सकती है। बारिश के मौसम में मुंहासों की समस्या से बचने के लिए किसी अच्छे माइल्ड फेस वॉश से अपने चेहरा धोएं। बारिश के मौसम में त्वचा की अधिक देखभाल करनी पड़ती है। इस मौसम में वातावरण में नमी और बैक्टीरिया ज्यादा होते हैं, जिसके कारण त्वचा संबंधी समस्याएं ज्यादा होने लगती हैं। मानसून में त्वचा ऑयली और चिपचिपी हो जाती है जिससे चेहरे पर मुंहासे, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

**टोनिंग करना ना भूलें :** हम अक्सर अपने स्किन केयर रूटीन में टोनिंग को स्किप कर देते हैं। लेकिन स्वस्थ त्वचा के लिए टोनिंग बहुत जरूरी है। मानसून में चेहरा साफ करने के बाद टोनर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे त्वचा पर जमा गंदगी और मेकअप हटाने में मदद मिलती है। अगर आप बाजार से टोनर नहीं खरीदना चाहते हैं तो घर पर ही गुलाब जल या खीरे का इस्तेमाल डोनर के रूप में कर सकते हैं।

**माइल्ड फेस वॉश का इस्तेमाल :** बारिश के मौसम में अपनी त्वचा की साफ-सफाई पर अधिक ध्यान दें। दरअसल, इस मौसम में हवा में नमी और बैक्टीरिया ज्यादा होते हैं जिससे स्किन पोर्स में गंदगी जमा हो सकती है। बारिश के मौसम में मुंहासों की समस्या से बचने के लिए किसी अच्छे माइल्ड फेस वॉश से अपने चेहरा धोएं।

**मॉइस्चराइज करना ना भूलें :** कुछ लोगों को लगता है कि बारिश के मौसम में उनकी त्वचा ऑयली हो जाती है इसलिए उन्हें मॉइश्चराइजर की जरूरत नहीं है। लेकन ऐसा सोचना गलत है। चाहे कोई भी मौसम हो, आपकी त्वचा को मॉइश्चराइजर की जरूरत होती है। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकार रहती है। बारिश के मौसम में जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

**नीम का इस्तेमाल :** मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए नीम भी बहुत फायदेमंद मानी जाती है। नीम में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं। आप चाहे तो नीम की पत्तियों को पीसकर इसका पेस्ट फेस पर लगा सकते हैं या नीम की पत्तियों को पानी में उबाल कर इससे अपना चेहरा साफ कर सकते हैं।

**खूब पानी पियें :** पानी पीना हमारे स्वास्थ्य और त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है यह तो आप जानते ही होंगे। पानी पीने से शरीर में जगह टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इस चेहरे पर मुंहासे और ब्लैक हेड्स की समस्या भी दूर होती है। दिन में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएँ। इसके अलावा आप नारियल पानी, जूस आदि का सेवन कर सकते हैं।

# लगाएं तुलसी का टोनर, ग्लोइंग व यंग दिखेगी आपकी स्किन

तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी में अपनी स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। आप तुलसी टोनर की मदद से स्किन संबंधी तमाम समस्याओं से निजात पा सकती हैं। इससे आपकी स्किन भी हाइड्रेट रहती है। गर्मियों में स्किन संबंधी तमाम ऐसी समस्याएं होती हैं, जो महिलाओं को परेशान करती हैं। जिसके लिए महिलाएं अलग पार्लर में जाती हैं, या फिर घर पर घरेलू नुस्खे ट्राई करती हैं। जिससे की तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी से अपनी त्वचा का ध्यान रखा जा सकता है। बता दें कि ऐसा ही एक उपाय तुलसी टोनर है। वहीं लोगों के घरों में तुलसी का पौधा लगा भी होता है। तुलसी में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं। जो आपकी त्वचा को बैक्टीरिया और जर्म से बचाने का काम करते हैं। तुलसी की पत्तियों की मदद से आप तुलसी टोनर बनाकर तैयार कर सकती हैं।

## सामग्री

तुलसी की पत्तियां- 10-12
गुलाबजल- 2 चम्मच
ग्लिसरीन- 1 चम्मच

## ऐसे बनाएं तुलसी टोनर

सबसे पहले पैन में एक गिलास पानी को उबाल लें।
जब पानी अच्छे से उबल जाए तो उसमें तुलसी की पत्तियां डाल दें।
अब पानी को ठंडा हो जाने दें।
फिर उस पानी में गुलाबजब और ग्लिसरीन मिक्स कर दें।
पानी को अच्छे से मिक्स कर एक बोतल में भर लें।
इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।

फेस पर अप्लाई करने का तरीका
इसे अप्लाई करने से पहले फेस को अच्छे से साफ कर लें।
इसके बाद फेस पर इस टोनर को स्प्रे करें।
आप चाहें तो इसे कॉटन की मदद से भी अप्लाई कर सकती हैं।
जब यह टोनर सूख जाए तो लोशन अप्लाई करें।

## इसके फायदे

तुलसी में एंटीबैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण के होने से मुंहासे और स्किन इंफेक्शन की समस्या दूर होती है। इसकी मदद से स्किन की एजिंग समस्या भी दूर होती है।
गर्मियों में तुलसी टोनर अप्लाई करना काफी बेस्ट माना जाता है। क्योंकि इससे आपनी स्किन भी हाइड्रेट रहती हैं। वहीं इसमें मौजूद गुलाबजल और ग्लिसरीन आपके चेहरे की नमी को बरकरार रखता है। जिसके चलते आपकी स्किन ग्लोइंग बनती है।
तुलसी का टोनर आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसक लगाने से ग्लो बना रहता है। साथ ही गुलाब जल और ग्लिसरीन आपकी स्किन को टाइट रखने का काम करता है।
इस टोनर के इस्तेमाल से आपकी स्किन में पीएच बैलेंस बना रहता है। स्किन के ढीले होने और झुर्रियों से भी निजात दिलाता है।

– अनन्या मिश्रा

# शादी की साड़ी को बनवायें स्टाइलिश आउटफिट



शादी के मौके पर जहां लड़की को साड़ियों तोहफे के रूप में मिलती हैं तो वहीं कुछ साड़ियां लड़की भी खरीदती हैं। लेकिन इन भारी साड़ियों को पहनना काफी मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप अपनी साड़ियों से नीचे बताई गई कुछ स्टाइलिश आउटफिट बनवा सकती हैं। हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। यही वजह है कि लड़की अपनी शादी से जुड़ी हर एक चीज को बेहद संभाल कर रखना चाहती है। फिर शादी के आउटफिट हों, ज्वेलरी हो या फिर कुछ और हो। शादी के दिन ब्राइडल हर कुछ खास चाहती है। वहीं बात अगर शादी में साड़ियों की करें तो शादी पर हर लड़की को भारी-भरकम साड़ियां तोहफे में मिलती है। वहीं लड़कियां अपनी शादी के लिए कुछ महंगी साड़ियां भी खरीदती हैं। जो बेहद खास होती हैं। लेकिन भारी-भरकम साड़ियों को पहनना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में भारी साड़ियां एक बार पहनने के बाद अक्सर रखी ही रहती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको साड़ियों से अलग तरीके के स्टाइलिश आउटफिट बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं। नीचे बताए गए तरीके से आप अपनी साड़ियों को अलग तरीके से कैरी कर सकती हैं।

**लहंगा :** अगर आपके पास भी सिल्क की साड़ियां हैं और आप उन्हें पहनने से कतराती हैं। तो आप इन साड़ियों से लहंगा बनवा सकती हैं। सिल्क की साड़ी से बने लहंगे देखने में क्लासी और खूबसूरत लगते हैं। भारी सिल्क की साड़ी का लहंगा पहनने से आपका लुक बेहद अलग नजर आएगा।

**शॉर्ट ड्रेस :** अगर आपको शॉर्ट ड्रेस पहनना अच्छा लगता है तो आप अपनी शादी की साड़ी से शॉर्ट ड्रेस बनवा सकती हैं। इन साड़ियों से बनवाई गई शॉर्ट ड्रेस की डिजाइन और लेंथ आप अपने हिसाब से रख सकती हैं। जिन्हें पहनकर आप क्लासी और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।

**पटोला साड़ी :** हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने पटोला साड़ी पहनकर ढेर सारी सुर्खियां बटोरी थीं। पटोला साड़ी में एक्ट्रेस गजब की खूबसूरत लग रही थीं। ऐसे में अगर आप भी बोल्ड लुक कैरी करना चाहती हैं तो एक्ट्रेस की तरह पटोला साड़ी बनवा सकती हैं।

**पैंटसूट :** पैंटसूट भी आपके लुक को क्लासी दिखाने में मदद करता है। ऐसे में आप अपनी साड़ी से पैंटसूट बनवा सकती हैं। जिसे आप कभी भी कैरी कर सकती हैं।

**ब्लेजर और पैंट :** अगर आप घर के साथ ऑफिस भी जाती हैं तो साड़ी से आप ब्लेजर और पैंट बनवा सकती हैं। इसे पहनने से आपको स्टाइलिश लुक मिलेगा।

# रु. 299 का पैक



अरे भैये! इतना दुखी क्यों है? क्या हुआ? मुंह लटकाए क्यों बैठे हो? राजु ने मोहन से पूछा।

मोहन ने कहा - क्या बताऊं भैये! मैं अपनी बेबी के लिए 299 का मंथली रिचार्च करता था। वही सोचकर बार-बार रोना आ रहा है।
राजु ने कहा - इसमें रोने वाली क्या बात है?
भैये तुम भी कमाल करते हो! तुम्हें पता नहीं फलाने ने अपनी बीवी को जिला कलेक्टर बनाया फिर भी उसे छोड़कर चली गयी.. और मुझे लगता था कि मेरी वाली 299 रुपए के रिचार्ज से जिंदगी भर मेरा साथ देगी।
राजु ने खैनी रगड़ते हुए कहा- हां, प्यार एक पूंजीवादी विचार ही है। लड़कों के सपनों में भी राजकुमारियां ही आती हैं, मजदूरिनें नहीं...इसलिए 299 रुपए के रिचार्ज में जिंदगी भर का पैकेज संजोने की कोशिश करना बुरी बात तो नहीं है। बशर्ते की उसके सपने में भी तुम आओ।

# घर पर आसानी से बनायें मैंगो आइसक्रीम



गर्मियों के मौसम में हम सभी कुछ ऐसा खाना चाहते हैं, जिससे शरीर को भी ठंडक पहुंचे। ऐसे में आइसक्रीम से अच्छा ऑप्शन क्या हो सकता है। ऐसे में इस सीजन क्यों न आप घर पर मैंगो आइसक्रीम ट्राई करें। गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम खाने का अलग ही मजा होता है। गर्मी में आम से बनी आइसक्रीम खाना काफी पसंद किया जाता है। क्योंकि गर्मी में बाजार में आम की बहार आने लगती है। लेकिन गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता है तो शरीर में ठंडक घोलने वाली चीजें खाने की मांग बढ़ जाती है।
आइसक्रीम भी गर्मियों में सबसे ज्यादा खाया जाता है। लेकिन अगर आप आम और आइसक्रीम का मजा एक साथ लेना चाहती हैं। तो आप घर पर मैंगो आइसक्रीम ट्राई कर सकती हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक को मैंगो आइसक्रीम का स्वाद बेहद पसंद आएगा। ऐसे में अगर आप घर पर मैंगो आइसक्रीम बनाना चाहती हैं तो इसे बनाने की विधि काफी आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले अच्छे आमों का चयन कर लें। इसे आप घर पर आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मैंगो आइसक्रीम बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

## मैंगो आइसक्रीम की सामग्री

**आम के टुकड़े :** 2 कप
**कंडेन्स्ड मिल्क :** 1/2 कप
**दूध :** 2 कप
**नींबू रस :** 1 टी स्पून
**चीनी :** 1/2 कप (स्वादानुसार)

## ऐसे बनाएं मैंगो आइसक्रीम

गर्मी के मौसम में मैंगो आइसक्रीम न सिर्फ आपके मुंह का जायका बदलती हैं, बल्कि शरीर में भी ठंडक घोलने का काम करती है। मैंगो आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी क्ववालिटी वाले आम लें। अब इन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें। फिर मिक्सर में आम के टुकड़ों और चीनी को सॉफ्ट होने तक पीस लें। मिश्रण को एक बाउल में निकालकर उसमें दूध, कंडेन्स्ड मिल्क और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। जब सारी चीजें अच्छे से मिक्स हो जाएं तो एक एल्यूमिनियम के कंटेनर में इस मिश्रण को डाल दें। अब कंटेनर को पन्नी से कवर कर 6-7 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस दौरान यह मिश्रण आधा सैट हो जाएगा। फिर इसे फ्रिज से निकालकर दोबारा मिश्रण को सॉफ्ट होने तक पीसें। जब सारा मिश्रण दोबारा पिस जाए तो इसे फिर से कंटेनर में डालकर पन्नी से कवर कर दें। इस बार इसे फ्रिज में 10-12 घंटे के लिए रख दें। इस तरह से आइसक्रीम अच्छे से सेट हो जाएगी। जब यह हार्ड हो जाए तो सर्विंग बाउल में स्कूप कर आइसक्रीम निकाल लें।

## सूडोकु नवताल- 6771

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6770 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## दैनिक पंचांग

25 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.12 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 09.24 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.35 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.50 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 16.06 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.57 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.30 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 23.01 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | वृष | 00.41 बजे से |
| | | मिथुन | 02.39 बजे से |
| | | कर्क | 04.52 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 206 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 15.09 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 00.03 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्ध 15.01 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 15.09 बजे तदनन्तर विष्टि 03.37 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871685
**जूलियन दिन** 2460150.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 06
**विशेष** श्रावण अधिक द्वितीय मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7833



**बाएँ से दाएँ**
1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**
1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -7832 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | ■ | क | र | त | ब |
| र | न | ■ | र | म | ल | ■ | था | ह |
| द | ■ | ■ | ल | ■ | म | त | ■ | ला |
| म | हा | न | ■ | म | ना | क | र | ना |
| ■ | ■ | र | ■ | ना | ■ | रा | ■ | ■ |
| हा | थ | मा | र | ना | ■ | र | स | द |
| स | ■ | ई | ख | ■ | र | ■ | ■ | ल |
| नि | त | ■ | बा | द | क | ■ | क | द |
| क | र | ब | ला | ■ | म | ल | म | ल |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मिथुन राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कर्क राशि :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह राशि :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या राशि :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा।

**धनु राशि :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मकर राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ राशि :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए।

**मीन राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारत ने दुनिया को दिखाया तकनीक और परंपराएं साथ-साथ चल सकती हैं : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया कि तकनीक और परंपराएं साथ-साथ चल सकती हैं। भारतीय वन सेवा के प्रोबैशनर (2022 बैच) और भारतीय रक्षा संपदा सेवा (2018 और 2022 बैच) के अधिकारियों व प्रशिक्षुओं ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सिविल सेवकों के रूप में उनकी यात्रा ऐसे समय में शुरू हुई है जब भारत वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की भूमिका हासिल कर रहा है। भारत अपनी सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ अपनी तकनीकी प्रगति के लिए वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि तकनीक और परंपराएं साथ-साथ चल सकती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं और सुविधाएं पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ हों। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी सुशासन के लिए एक महान समर्थक है और इसलिए, उन्हें डोमेन विशेषज्ञता के साथ-साथ अपने तकनीकी कौशल को अद्यतन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि छावनियों के प्रभावी प्रशासन और रक्षा भूमि के प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम संभव उपयोग किया जाना चाहिए।

भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की जलवायु और स्थलाकृति इसके वन वितरण से निकटता से जुड़ी हुई है। वन और उनके द्वारा समर्थित वन्य जीवन हमारे देश के अमूल्य संसाधन और विरासत हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय गिरावट, वन क्षेत्र में कमी, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरे वैश्विक चर्चा और साझेदारी में केंद्र स्तर पर हैं। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण 21वीं सदी के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय बन गया है। भारत ने दुनिया को 'लाइफ-लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' का मंत्र दिया है। वन समाधान का एक अभिन्न अंग हैं और भारतीय वन सेवा के अधिकारी समाधान प्रदाताओं में से हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे इस मंत्र के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए अथक प्रयास करें।

## सुप्रीम कोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत पांच हफ्ते और बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी द्वारा दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मेडिकल ग्राउंड पर दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को दी गई अंतरिम जमानत सोमवार को फिर से पांच हफ्ते के लिए बढ़ा दी। इससे पहले अदालत ने 10 जुलाई को जैन की अंतरिम जमानत 24 जुलाई तक बढ़ा दी थी। 26 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष अदालत में यह दलील दी गई कि जैन की स्वास्थ्य समस्याएं जटिल हैं और उनका वजन 30 किलो कम हो गया है। अप्रैल में, दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन और उनके दो सहयोगियों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### उप्र एटीएस की छह जिलों में छापेमारी

## अवैध रूप से रह रहे 74 रोहिंग्या गिरफ्तार

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने छह जिलों में छापेमारी करके 74 रोहिंग्या को गिरफ्तार किया है। सबसे ज्यादा 31 रोहिंग्या मथुरा से गिरफ्तार किए गए हैं। ये सभी अवैध रूप से रह रहे थे। एटीएस के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में अवैध रूप से आवासित रोहिंग्या के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया था। इसके तहत अवैध रूप से आवासित कुल 74 रोहिंग्या गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें सहारनपुर से दो पुरुष, मेरठ से दो पुरुष, एक पुरुष बाल अपचारी और एक महिला अपचारी, हापुड़ से 12 पुरुष, एक महिला, दो पुरुष बाल अपचारी, एक महिला बाल अपचारी,




गाजियाबाद से तीन पुरुष, एक महिला, अलीगढ़ से सात पुरुष, 10 महिला, मथुरा से 29 पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। अल्हेपुर और कोटा गांव में झोपड़ी डालकर रह रहे 40 रोहिंग्या को एटीएस की टीम ने पकड़ा है। गोपनीय तरीके से आठ घंटे तक ये कार्रवाई आधी रात के बाद शुरू की गई थी। जिन जिलों से इनकी गिरफ्तारी हुई है, वहीं पर इन सभी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

## उमर खालिद की बेल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। उमर खालिद को 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और बेला एम त्रिवेदी की पीठ से याचिकाकर्ता के वकील ने सुनवाई पर एक सप्ताह की अवधि के लिए स्थगन की मांग की थी। इसके मद्देनजर सुनवाई को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह मामला 9 अगस्त को सूचीबद्ध होने की संभावना है।

## मणिपुर हिंसा के खिलाफ आज देश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी आप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर आम आदमी पार्टी मंगलवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से तत्काल दखल देने की मांग भी की है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को बताया कि मणिपुर पिछले तीन महीनों से हिंसा और वहशीपन की आग में दहक रहा है। वहां सरेआम लोगों को मारा-काटा और मकान जलाए जा रहे हैं। महिलाओं के साथ बर्बरता की हदें पार की जा रही हैं, लेकिन वहां की भाजपा सरकार इस पर कुछ करने की जगह हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। राय ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा को वहां की भाजपा सरकार शांत करने के बदले उल्टे भड़का रही है। समुदायों के बीच नफरत फैलाई जा रही है। इन सबके बीच सबसे दुखद और आश्चर्यजनक यह है कि केंद्र सरकार भी इस पर कुछ करने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जारी इस भीषण हिंसा में दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों लोग अनाथ हो गए और हजारों लोग पलायन कर अन्य राज्यों में भाग गए। महिलाओं की सरेआम आबरू लूटी गई लेकिन राज्य से लेकर केंद्र तक की सरकारें चुप हैं। यह सब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ 'आप' आज पूरे देश में सड़कों पर उतरेगी। राय ने कहा कि पार्टी ने देश के सभी कार्यकताओं से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अनुरोध किया है। दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तैयारी की गई है। इस मुद्दे को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री को बयान देना चाहिए।

## मणिपुर मुद्दे पर गतिरोध के बीच लोस आज तक के लिए स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के लगातार हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार (25 जुलाई) तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष मणिपुर के मौजूदा हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जवाब चाहता है। दोपहर 2:30 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर अमित शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर संकट पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष अपने रुख पर अड़ा रहा और लोकसभा में मोदी के जवाब की मांग करता रहा। गृहमंत्री ने सदन में खड़े होकर विरोध कर रहे विपक्ष से आग्रह किया कि वे चर्चा होने दें, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और देश को वहां मौजूद संवेदनशील स्थिति की



वास्तविकता पता चलनी चाहिए। उन्होंने आश्चर्य जताया कि विपक्ष को मणिपुर पर चर्चा करने में दिलचस्पी क्यों नहीं है। हालांकि विपक्ष अपने रुख पर कायम है और मणिपुर मुद्दे पर लोकसभा में मोदी से जवाब मांग रहा है। यहां तक कि स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष से आग्रह किया कि वह गृहमंत्री को मणिपुर पर चर्चा शुरू करने की अनुमति दें, क्योंकि गृह मंत्रालय राज्य में मौजूदा स्थिति के लिए नोडल मंत्रालय है। बिरला ने कहा, "विपक्ष इस मामले पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया मांगकर एक नई परंपरा स्थापित करने की कोशिश कर रहा है, जो सही नहीं है।" हालांकि, जब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने नारेबाजी जारी रखी, तो बिड़ला ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले बार-बार स्थगन और विपक्ष के विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही लगातार बाधित होती रही। हंगामे के कारण लोकसभा में कुछ ही विधेयक पेश किए जा सके और प्रश्नकाल आधे घंटे तक चला।

### अजित पवार ने अपने व शिंदे गुट के नाराज विधायकों को 25-25 करोड़ से ज्यादा की राशि आवंटित की

## जिसके बाद कहा जाने लगा है-पच्चीस खोखे, सब कुछ ओके!

**आरएनएम। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री अजित पवार ने वित्त मंत्रालय संभालते ही अपनी पार्टी के विधायकों पर धनवर्षा कर दी है। उन्होंने एनसीपी (अजित गुट) के विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ रुपये और इससे ज्यादा के विकास कार्यों के लिए धन का आवंटन किया है। इस आवंटन के लिए सप्लीमेंट्री डिमांड में स्पेशल प्रोविजन किया गया था। चर्चा है कि अजित पवार ने इसी तरह एकनाथ शिंदे गुट के भी कुछ उन विधायकों को भी खुश करने की कोशिश की है जो मंत्री नहीं बनाये जाने से नाराज हैं। जिसको लेकर विपक्षी दल के नेता कहने लगे हैं - पच्चीस खोखे, सब कुछ ओके। बीते सप्ताह विभागों का बंटवारा होते ही अजित पवार ने अपने साथ आए विधायकों के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए फंड जारी किया। इससे पहले अजित समर्थक एनसीपी विधायकों से विकास कार्यों की सूची मांगी गई थी। पिछले सप्ताह ही वित्त विभाग ने महाराष्ट्र विधानसभा के दोनों सदनों में सप्लीमेंट्री मांगें प्रस्तुत की, जिसमें विकास कार्यों के लिए 1,500 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया। मालूम हो कि एनसीपी में दो फाड़ के समय से ही अजित गुट की तरफ से विकास कार्यों के लिए धन की बात कही जा रही थी। शरद पवार से मुलाकात के दौरान अजित गुट ने सरकार में शामिल होने के लिए यही वजह भी बताई है। सो इस तरह अजित पवार ने अपनी पार्टी के विधायकों के लिए 25 से 50 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है।

### शिंदे मुख्यमंत्री रहेंगे या अजित पवार मुख्यमंत्री बनेंगे?

जिसको पहले सत्तर हजार करोड़ रूपये के घोटालों का आरोपी बताया गया, उसके कुछ दिन बाद उसे उपमुख्यमंत्री पद का शपथ दिलवा दिया गया, उसके कुछ दिन बाद उसको वित्त मंत्रालय दे दिया गया। अब चर्चा है कि उसको मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक राजनीतिकों से लेकर उद्योगपतियों तक में इसको लेकर तरह -तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। जिस पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि अभी सीएम एकनाथ शिंदे हैं और महायुति के सीएम वहीं बने रहेंगे। उन्होंने यह बात कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर कहा, आजकल कई वरिष्ठ नेता अटकलें लगाते हुए देखे जा सकते हैं। वे जितना चाहे अटकलें लगा सकते हैं। जब हमने महायुति गठबंधन बनाया था, तो तीनों दलों के तीनों नेताओं का स्पष्ट मानना था कि सीएम एकनाथ शिंदे हैं और वह महायुति के सीएम बने रहेंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने पत्रकारों के सवाल पर कहा था, मैं अपने सूत्रों का खुलासा नहीं कर सकता। मैंने एनसीपी में विभाजन के तुरंत बाद इसके बारे में बात की थी। यह सिर्फ कुछ जानकारी के आधार पर एक विश्लेषण है। एकनाथ शिंदे समूह के खिलाफ दल बदल विरोधी निर्णय, 10 अगस्त के आसपास दिया जाएगा।

### साहस | रैली 'कारगिल विजय दिवस' पर युद्ध स्मारक पर होगी समाप्त

## महिला मोटरसाइकिल रैली कारगिल के लिए रवाना

**एजेंसी। श्रीनगर**

श्रीनगर स्थित 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने 25 सदस्यीय नारी सशक्तीकरण महिला मोटरसाइकिल रैली के एक दल को सोमवार को यहां से द्रास के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता ने कहा, मोटरसाइकिल रैली 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर कारगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होगी। उधमपुर से श्रीनगर 22/23 जुलाई की मध्यरात्रि को पहुंची रैली का जीओसी 31 सब एरिया मेजर जनरल पीबीएस लांबा ने स्वागत किया। पाकिस्तान पर 1999 के कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने और महिलाओं की अदम्य भावना को प्रदर्शित करने के लिए मुख्यालय उत्तरी कमान के तत्वावधान में सशस्त्र बलों ने 18 जुलाई को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नयी



दिल्ली से कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास तक नारी सशक्तीकरण महिला मोटरसाइकिल रैली शुरू की है। श्रीनगर के रास्ते में रैली जम्मू और कश्मीर में चंद्रकोट, बनिहाल और वुजूर स्थानों पर तीन बार रुकी। श्रीनगर प्रवास के दौरान रैली टीम ने एपीएस छात्रों और एनसीसी कैडेटों के साथ बातचीत करने के लिए एक स्कूल समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिग्गजों की उपस्थिति मौजूद थी। इस दौरान उप मेजर संजय कुमार, विशाल बत्रा और उप अजीम खान (सेवानिवृत्त) ने भी कारगिल युद्ध से संबंधित बहादुरी और सौहार्द के अपने अनुभव पर चर्चा की। टीम के सदस्यों ने 24 जुलाई को बीबी कैंट स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, जीओसी 15 कोर के साथ-साथ श्रीमती सविता घई, जोनल अध्यक्ष, एडब्ल्यूडब्ल्यूए ने कारगिल विजय दिवस समारोह के हिस्से के रूप में कार्य करने के लिए पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह रैली कश्मीर में युवाओं विशेषकर लड़कियों को सशस्त्र बलों में शामिल होने और जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक मुकाबला करने के लिए प्रेरित करने में काफी मदद करेगी। प्रतिभागी हाल ही में टीवीएस समूह द्वारा लॉन्च की गई 250 सीसी रोनिन मोटरसाइकिलों पर सवार हैं और ऑटोमोबाइल समूह इस कार्यक्रम के संचालन में सेना के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।




## बोर्ड ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से ममता बनर्जी का संदर्भ हटाने के लिए कहा

**आलिया भट्ट** और रणवीर सिंह की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीएफबीसी) ने निमार्ताओं को फिल्म से कुछ शब्द, संवाद और संदर्भ हटाने के लिए कहा है। निमार्ताओं से अन्य बदलावों के बीच अपशब्दों, लोकसभा का उल्लेख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संदर्भ को हटाने के लिए कहा गया है। निमार्ताओं से फिल्म में कई बार इस्तेमाल की गई एक प्रचलित लेकिन अपमानजनक गाली भी हटाने के लिए कहा गया है। इस शब्द की जगह निमार्ताओं ने अब 'बहन दी' शब्द का इस्तेमाल किया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीएफसी ने एक संवाद से लोकसभा का उल्लेख हटाने और इसके स्थान पर कोई दूसरा टर्म इस्तेमाल न करने के लिए भी कहा है।




## एनआरआई की हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है सीरीज 'कोहरा'



**अपराध** की जांच पर आधारित सीरीज 'कोहरा' में प्रतिभाशाली एक्टर सुविंदर विक्की ने 'बलबीर' की दमदार भूमिका निभाई है। बलबीर अन्य पात्रों के साथ करुणा और दयालुता से पेश आते हैं। अभिनेता सुविंदर विक्की ने कहा कि "इस सीरीज में मानवीय खामियों को चित्रित करने वाली कहानी के बीच प्यार की आदर्श छाया भी है, जो दयालुता दिखाती है।" सीरीज की स्टोरी लाइन सामान्य कहानियों से अलग है। 'कोहरा' की कहानी में कई रंग उजागर होते हैं। यह मानव स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए हमारे रोजमर्रा के जीवन में आने वाले रिश्तों को दिखाता है।

## सुपरहिट होने के बाद भी 'गदर' नहीं दे सका अमीषा को ऊंची उड़ान

एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने 2000 में ब्लॉकबस्टर 'कहो ना... प्यार है' से बॉलीवुड में डेब्यू किया और एक साल बाद उन्हें 2001 में मेगा ब्लॉकबस्टर 'गदरः एक प्रेम कथा' में देखा गया। यह फिल्म उनके करियर के लिए गेम चेंजर साबित हुई, लेकिन एक्ट्रेस का कहना है कि फिल्म का एक नेगेटिव साइड भी था। दो घंटे पचास मिनट की अवधि वाली फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' 1990 के दशक के बाद से भारत में दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्म है। यह 1994 की फिल्म 'हम आपके हैं कौन..!' के बाद सबसे ज्यादा



कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। अमीषा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैं निश्चित रूप से इस बात से सहमत हूं कि 'गदर' मेरे करियर के लिए गेम चेंजर थी। 'कहो ना प्यार है' के बाद 'गदर' एक और बड़ी हिट रही। इसने मुझे दो चीजें दीं। यह एक गेम चेंजर थी, क्योंकि अचानक इसने मुझे कलाकार के रूप में पहचान दिलाई। साथ ही, कम उम्र में एक्टिंग का अनुभव भी बढ़ाया। कॉलेज की लड़की एक मां की भूमिका निभा सकती है, उस वक्त इस पर हर कोई हैरान था। 47 वर्षीय एक्ट्रेस ने साझा किया कि न केवल तब, बल्कि आज भी जब सीक्वल रिलीज होने वाला होता है, तो लोग स्क्रीन पर मां की भूमिका निभाने को लेकर उनसे सवाल करते हैं।

## गोकुल मिशन योजना के तहत तीस दिवसीय मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# दुग्ध उत्पादन के लिए पशुओं को कृत्रिम गभार्धान जरूरी : डॉ. सुशील



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वेटनरी संकाय, बीएयू एवं झारखंड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी (जेएसआईए) के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र प्रायोजित गोकुल मिशन योजना के अधीन आयोजित 11 वां मैत्री प्रशिक्षण का समापन हुआ। पशुओं का कृत्रिम गभार्धान विषय पर महीने भर चले इस व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, चतरा, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, गुमला, साहिबगंज, जामताड़ा, लातेहार तथा लोहरदगा जिले के कुल 35 स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जेएसआईए के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पीके झा ने झारखंड राज्य में पशुओं के कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा देने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने झारखंड में मैत्री प्रशिक्षण का नियमित एवं सफल संचालन शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने पर प्रशंसा की है। उन्होंने 11 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 447 लोगों को व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय एवं वेटनरी संकाय के वैज्ञानिकों का आभार जताया तथा इस वर्ष के दिसंबर माह तक कुल एक हजार प्रशिक्षाणार्थियों को प्रशिक्षण करने का अनुरोध किया। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षाणार्थियों से सीधा संवाद किया, उनसे पूरे महीने भर चले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा अच्छे तरीके एवं ईमानदारी स्थानीय स्तर पर कृत्रिम गभार्धान कार्य को करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जगरनाथ उरांव ने राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने कि दिशा में पशुओं के कृत्रिम गभार्धान को जरुरी बताया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद कृत्रिम गभार्धान के लिए आवश्यक सभी उपकरण सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षाणार्थियों को कृत्रिम गभार्धान, पशु नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य और आवास के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गयी।

## सिर्फ नाम का मुसलमान नहीं बल्कि किरदार का भी मुसलमान बनना जरूरी : मौलाना तहजीब



**रांची।** मोहर्रम के पांचवी पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने सोमवार को 10 दिवसीय मजलिस जिक्रे शहीदाने कर्बला के पांचवी मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि अल्लाह पाक ने कुरान में कहा के ऐ इमान वालों तकवा (परहेजगारी) इख्तियार करो। अल्लाह ने कुरान में यह नहीं कहा कि ऐ मुसलमानों बल्कि यह कहा कि ऐ इमान वालों। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि अपने ईमान की हिफाजत करें। हमसे कुरान क्या चाह रहा है उस पर अमल करें। सिर्फ नाम का मुसलमान नहीं किरदार का मुसलमान बनना है। ए लोगो कर्बला के खिलाफ बोलने से पहले सोचो, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ बोलने से पहले सोचो, इमामे हुसैन के खिलाफ बोलने से पहले सोचो। वह हुसैन जिसने दीन इस्लाम की खातिर अपनी जान की बाजी लगा दी। वह हुसैन जिसने अपनी जान देकर नमाज की हिफाजत की। वह हुसैन जिसने अपनी जान देकर मजहब इस्लाम को बचाया। आज की मजलिस साहिल हुसैन उर्फ जावेद के आवास हैदर नगर इरबा में हुई। मजलिस में आए हुए सभी लोगों का साहिल हुसैन उर्फ जावेद ने स्वागत किया। मौके पर कासिम अली, फराज अली, हैदर अली, शाहरुख रिजवी, हसनैन, लड्डू, अमान अली, इसराइल अंसारी, रजा अली, समेत सैकड़ों लोग थे।

## अभ्यास पाठ के लिए गांवों में भेजने से बरियातू बीएड कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राएं पहुंची जेसीईआरटी

**रांची।** अभ्यास पाठ के लिए सुदूरवर्ती गांव भेजे जाने से परेशान बरियातू बीएड कॉलेज रांची की लगभग 30 प्रशिक्षु छात्राएं सोमवार को जेसीईआरटी पहुंच गई। उन्होंने अपनी बात रखने का प्रयास किया, परंतु कोई सुननेवाला नहीं था। प्रशिक्षुओं ने अपनी बात जेसीईआरटी निदेशक बांके बिहारी सिंह के पास रखी। उन्होंने साफ कह दिया कि पढ़ाना है तो आपको वहां जाना पड़ेगा अन्यथा आप घर में बैठिए। जेसीईआरटी निदेशक के इस व्यवहार से सभी प्रशिक्षु छात्राएं दुखी नजर आई। सुदूरवर्ती गांव में भेजे जाने से दुखी प्रशिक्षु छात्राओं ने कहा कि हमें जिस तरह से सुदूर गांवों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। पूरे रास्ते में जंगल और घने पेड़ हैं। कोई अप्रिय घटना घटती है तो बचानेवाला कोई नहीं मिलेगा। इसके अतिरिक्त जिस स्कूल में हमें अभ्यास पाठ के लिए भेजा जा रहा है उस स्कूल की प्राचार्य को इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने स्कूल में घुसने नहीं दिया। इसकी जानकारी देने पर हम लोगों को एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस दौड़ाया जा रहा है, परंतु सुनवाई नहीं हो रही है। एक छात्रा ने कहा कि जब तक आदेश नहीं आ जाता तब तक हम कहीं नहीं जाएंगे, कॉलेज में ही बैठेंगे। वहीं एक अन्य छात्रा ने कहा कि हमारी समस्या कम नहीं है। कई स्कूलों में बायोमीट्रिक हाजिरी बनाने की सुविधा तक नहीं है।

## नेशनल पीपुल्स पार्टी का प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**रांची।** नेशनल पीपुल्स पार्टी का प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन घूम कुड़िया सभागार करम टोली में संपन्न हुआ। प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह धनबाद, बोकारो, पलामू, रामगढ़, लातेहार, जमशेदपुर सभी जिले से आये प्रदेश कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का सम्मान किया गया और साथ मिलन समारोह का कार्यक्रम का हुआ आयोजन। इसमें समारोह में प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार, कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज कुमार, प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश प्रवक्ता संजय झा ने सभा को संबोधित किया। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं एवं जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष को निर्देश दिया कि सभी लोग मिलकर हर प्रखंड में जाएं और वहां प्रखंड अध्यक्ष उपाध्यक्ष का नियुक्ति करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में नेशनल पीपुल्स पार्टी का सदस्यता ग्रहण करवाएं ताकि आगामी चुनाव में मजबूती के साथ हम चुनाव लड़ सकते हैं। पंकज कुमार ने कहा कि अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार हमेशा जनकल्याण के लिए अग्रसर रहते हैं और पार्टी के हित में हमेशा मजबूती के साथ खड़े रहते हैं। पंकज कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में हम लोगों को बहुत मेहनत कर जीत सुनिश्चित करना होगा तभी सत्ता में भागीदारी मिलेगी।

## मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड का प्रतिनिधिमंडल नवनिर्वाचित अध्यक्ष से की मुलाकाता

**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा अतिथि गृह में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशाविरत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी से मुलाकात की। उनके रांची पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने राज्य के मुस्लिम मुद्दों पर विस्तार से बताया और यहां की राजनीतिक और सामाजिक कार्यों के बारे में भी जानकारी दी, जिस पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह मशाविरत के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान करेंगे और हमारी जमात की कानूनी सहयता मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में हजरत मौलाना तौफीक अहमद कादरी, शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, शहर काजी कारी जान मुहम्मद मुस्तफी, सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद हसन रूमी, जमीयत अल-इराकीन के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल मनान, मोहम्मद इम्तियाज, वरिष्ठ पत्रकार सैयद आलम, पत्रकार आदिल रशीद शामिल थे।

## मुहर्रम का महीना व इस्लामिक कैलेंडर का नया साल है : गुलाम रसूल

**रांची।** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के महासचिव गुलाम रसूल ने कहा हर मुहर्रम का महीना व इस्लामिक कैलेंडर का नया साल है। मुहर्रम की दसवीं तारीख 29 जुलाई को होने वाली है। इन्होंने मुहर्रम के जुलूस को आपसी भाईचारेऔर सद्भाव से निकाले जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस शहादत के मौके पर किसी भी समुदाय को कोई ठेस न पहुंचे विशेषकर फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से एक दूसरे को प्रेम का संदेश दें उन्होंने जिला प्रशासन से मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में लाइट,पेय जल और सफाई की मांग की है तथा मुहर्रम में निकाले जाने वाले जुलूस मैं नाच गान न करते हुए खेल की नुमाइश करने की अपील की है।

## 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** पंडरा ओपी पुलिस ने 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गुड्डू कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। वह चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया का रहने वाला है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ को लेकर आईटीआई बस स्टैंड ईटकी रोड में बस पकड़ने के लिए जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंचकर छानबीन शुरू की।

## पृष्ठ एक के शेष

**10 से अधिक लोग घायल...**

तौहीद अहमद ही उपस्थित थे। वहीं आवश्यक दवा तथा एंबुलेंस भी सीएचसी में उपलब्ध नहीं थी। इसे देख लोग हंगामा करने लगे। बाद में लोगों को शांत कराते हुए थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने घायलों के लिए दवा तथा रेफर हुए मरीजों को ले जाने के लिए तीन निजी एंबुलेंस की व्यवस्था करायी। मालूम हो कि सीएचसी में 108 नंबर की दो एंबुलेंस है। जो विगत 4 माह से खराब है, उधर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सिलेंडर फटने की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सीएचसी के कुव्यवस्था को लेकर सीएस पलामू से नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सीएचसी के व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो इस मामले को विधानसभा में उठायेंगे। जबकि सीएस ने विधायक को अगले दो दिनों में चिकित्सकों की तैनाती, एंबुलेंस व दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय कुमार सिंह तथा विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा समाजसेवी संतोष प्रजापति ने सीएचसी में आकर घायलों का सहयोग किया।

**प्रोन्नति की रुकावटें...**

गए और उनकी प्रोन्नति से संबंधित फाइलें रुकीं रह गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रोन्नति से संबंधित समस्याओं को निपटाने का काम किया है। अब राज्य सरकार के कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति मिलनी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ने नव प्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों से कहा कि आप अपने कर्म क्षेत्र में निर्भीक होकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें, राज्य सरकार झारखंड की आम जनमानस के साथ-साथ सरकार के अधिकारियों का भी मान-सम्मान एवं अधिकार का पूरा ख्याल रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन की सौगात दी है। हमारे राज्य में कुछ ऐसे सरकारी कर्मी हैं जो अब रिटायरमेंट के कगार पर हैं और वे काफी खुश और उत्सुक दिख रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि राज्य सरकार अब उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ देगी, जो बुढ़ापे की लाठी के रूप में सेवानिवृत्त कर्मियों को जीवन भर सहायता करेगी।

**इन आईपीएस अधिकारियों को किया गया सम्मानित :** सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर (सभी 2017 बैच), दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय और अनिमेष नैथानी (सभी बैच 2019), अजय कुमार-क् आरिफ एकराम, डॉ. विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार (सभी बैच 2020) शामिल थे।इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) अनुराग गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित भारतीय पुलिस सेवा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं नव प्रोन्नत 24 भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के परिजन उपस्थित थे।

## आरटीसी कॉलेज में कैंसर के प्रति किया गया जागरूक

**रांची।** आरसीसी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तहत सोमवार को कैंसर जागरुकता अभियान 2023 का आयोजन किया गया। इससे पहले सुबह में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज से शास्त्री चौक तक कैंसर जागरुकता रैली निकाली। अभियान में एसएजी कैंसर अस्पताल इरबा के डॉ आफताब आलम, डॉ सतीश शर्मा, डॉ देवाशीष राय ने कैंसर के संबंध में छात्र-छात्राओं और उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं और कॉलेज के लोगों को जानकारी दी। डॉक्टरों ने कहा कि कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहां कि कैंसर के चार स्टेट्स होते हैं। एक और दो स्टेज के कैंसर में 10 में सात मरीज ठीक एक हो जाते हैं। वहीं स्टेज तीन और चार में 10 में तीन मरीज ठीक होते हैं। शुरूआत में कैंसर का पता चलने से उसे शत-प्रतिशत ठीक किया जा सकता है। भारत में 15 लाख प्रतिवर्ष कैंसर के मरीज चिह्नित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ पारसनाथ महतो और प्रिंसिपल डॉ भीम महतो, प्रोफेसर रामकुमार महतो, आरएन पांडेय, मनोरंजन कुमार और इकबाल अंसारी आदि शामिल हुए।


# यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
## (भारत सरकार का उद्यम)
## (सीआईएनः यू 12000 जेएच 1967 जीओआई 000806)
## पीओ-जादुगोड़ा माइंस, जिला। पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-832102

वेबसाइटः www.uraniumcorp.in

TECHNOLOGIES FOR NEW INDIA@75 आजादी का अमृत महोत्सव

## विभिन्न पदों पर भर्ती

**विज्ञापन संख्या 04/2023**

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की स्थापना 4 अक्टूबर 1967 को हुई थी। यह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। परमाणु ऊर्जा विभाग विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा चक्र में सबसे आगे है। यूरेनियम की आवश्यकता को पूरा करना दबावयुक्त भारी जल रिएक्टरों के लिए। यूसीआईएल देश के परमाणु ऊर्जा उत्पादन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूसीआईएल एक है क्वड 9001:2015, 14001:2015 और क्व 18001:2007 कंपनी है और इसने अपनी खदानों और प्रक्रिया संयंत्रों के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाया है। कंपनी छह भूमिगत खदानें (बागजाता, जादुगोड़ा, भाटिन, नरवापहाड़, तुरामडीह और मोहुलडीह) और एक खुली खदान संचालित करती है। झारखंड राज्य में पिट माइन (बंदुहुरंग)। इन खदानों से उत्पादित अयस्क को स्थित दो प्रक्रिया संयंत्रों में संसाधित किया जाता है। जादूगोड़ा और तुरामडीह. यूसीआईएल आंध्र प्रदेश के तुम्मलापल्ले में एक भूमिगत खदान और प्रक्रिया संयंत्र भी संचालित कर रहा है। कंपनी ने झारखंड में अपने कुछ परिचालनों का विस्तार किया है और नए स्थापित करने के लिए पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ शुरू की हैं। देश के विभिन्न भागों में खदानें और संयंत्र। यूसीआईएल निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 18/08/2023 (17.00 बजे)**

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | ऊपरी आयु सीमा 18.08.2023 तक | अनुभव की अवधि 18.08.2023 तक | वेतनमान (रु.) | सीटीसी प्रति वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | महाप्रबंधक (पी एंड आईआर) | 01 (यूआर) | 50 वर्ष | 20 वर्ष | Rs.100000-260000/-(E7) | Rs.2697520/- |
| 02 | उप. महाप्रबंधक (पी एंड आईआर) / मुख्य प्रबंधक (पी एंड आईआर) | 01 ओबीसी (एनसीएल) | 48वर्ष/ 45 वर्ष | 18वर्ष/ 15 वर्ष | Rs.90000-240000)(E6)/Rs.80000-220000(E5) | Rs.2427768/- Rs.2158016/- |
| 03 | अतिरिक्त. प्रबंधक (पी एंड आईआर)/उप. प्रबंधक (पी एंड आईआर)/सहायक। प्रबंधक (पी एंड आईआर)/ | 05 यूआर-03 ईडब्ल्यूएस-01 एससी-01 | 35वर्ष/ 30वर्ष/ 30 वर्ष | 09वर्ष/ 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000(E2)/ Rs.40000-140000(E1) | Rs.1618512/- Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 04 | सहायक प्रबंधक (सीएस)/सहायक। प्रबंधक (कार्मिक) | 01 (यूआर) | 30 वर्ष | 02 वर्ष | Rs.40000-140000(E1) | Rs.1079008/- |
| 05 | उप प्रबंधक (सुरक्षा)/सहायक. प्रबंधक (सुरक्षा) | 03 एससी-01 ओबीसी(एनसीएल)-01 ईडब्ल्यूएस-01 | सभी लागू आयु छूटों सहित 50 वर्ष | 15वर्ष/ 10 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 06 | मुख्य अधीक्षक (सिविल)/ अधीक्षक (सिविल)/ अपर. अधीक्षक (सिविल)/ उप अधीक्षक (सिविल) | 01 (अनुसूचित जनजाति) | 45वर्ष/ 40वर्ष/ 35वर्ष/ 30 वर्ष | 15वर्ष/ 12वर्ष/ 09वर्ष/ 05 वर्ष | Rs.80000-220000/(E5)/Rs.70000-200000(E4)/Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000(E2)/ | Rs.2158016 /- Rs.1888264/- Rs.1618512/- Rs.1348760/- |
| 07 | उप अधीक्षक (सिविल)/सहायक। अधीक्षक (सिविल) | 01 (यूआर) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000(E2)/ Rs.40000-140000(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 08 | महाप्रबंधक(लेखा)/उप. महाप्रबंधक(लेखा) | 01 (यूआर) | 50वर्ष/ 48वर्ष/ | 20वर्ष/ 18 वर्ष | Rs.100000-260000/-(E7)Rs.90000-240000)(E6)/ | Rs.2697520/- Rs.2427768/- |
| 09 | प्रबंधक (लेखा)/अति. प्रबंधक (लेखा)/ उप प्रबंधक (लेखा)/सहायक। प्रबंधक (लेखा) | 11 यूआर-02 ईडब्लूएस-02 ओबीसी (एनसीएल)-06 एससी-01 | 40वर्ष/ 35वर्ष/ 30वर्ष/ 30 वर्ष | 12वर्ष/ 09वर्ष/ 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.70000-200000(E4)/Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000(E2)/ Rs.40000-140000(E1) | Rs.1888264/- Rs.1618512/- Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 10 | उप प्रबंधक (ईडीपी)/सहायक। प्रबंधक (ईडीपी) | 01 (यूआर) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000(E2)/ Rs.40000-140000(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 11 | भंडार नियंत्रक/ अतिरिक्त. भंडार नियंत्रक)/ | 01 (यूआर) | 40वर्ष/ 35 वर्ष | 12वर्ष/ 09 वर्ष | Rs.70000-200000(E4)/Rs.60000-180000(E3)/ | Rs.1888264/- Rs.1618512/- |
| 12 | उप क्रय नियंत्रक/सहायक। खरीद नियंत्रक | 01 (ईडब्ल्यूएस) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 13 | अतिरिक्त. अधीक्षक (मिल)/उप अधीक्षक (मिल) | 01 (ईडब्ल्यूएस) | 35वर्ष/ 30 वर्ष | 09वर्ष/ 05 वर्ष | Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000/(E2) | Rs.1618512/- Rs.1348760/- |
| 14 | अतिरिक्त. अधीक्षक खान)/उप अधीक्षक (खान)/सहायक। अधीक्षक (खान) | 05 ओबीसी (एनसीएल)-01 ईडब्ल्यूएस-03 यूआर-01 | 35वर्ष/ 30वर्ष/ 30 वर्ष | 09वर्ष/ 05वर्ष/ 02वर्ष | Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000/(E2)/Rs.40000-140000(E1) | Rs.1618512/- Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 15 | अतिरिक्त. अधीक्षक (सर्वेक्षण)/उप अधीक्षक (सर्वेक्षण) | 02 (यूआर) | 35वर्ष/ 30 वर्ष | 09वर्ष/ 05 वर्ष | Rs.60000-180000(E3)/Rs.50000-160000/(E2) | Rs.1618512/- Rs.1348760/- |
| 16 | उप अधीक्षक (चुनावी)/सहायक। अधीक्षक (चुनावी)/ | 02 ईडब्ल्यूएस-01 यूआर-01 | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 17 | उप अधीक्षक (मैक.)/सहायक. अधीक्षक (मैक.)/ | 02 ईडब्लूएस-01 ओबीसी(एनसीएल)-01 | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 18 | उप. प्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ)/सहायक प्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | 01 (ईडब्ल्यूएस) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 19 | उप. अधीक्षक (औद्योगिक इंजीनियरिंग)/सहायक। अधीक्षक (औद्योगिक इंजीनियरिंग) | 01 (यूआर) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 20 | उप. अधीक्षक (भूविज्ञान)/सहायक। अधीक्षक (भूविज्ञान) | 01 (ईडब्ल्यूएस) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 21 | उप अधीक्षक (पर्यावरण अभियांत्रिकी/सहायक अधीक्षक (पर्यावरण अभियांत्रिकी) | 01 (यूआर) | 30वर्ष/ 30 वर्ष | 05वर्ष/ 02 वर्ष | Rs.50000-160000/(E2)Rs.40000-140000/(E1) | Rs.1348760/- Rs.1079008/- |
| 22 | पर्यवेक्षक (रासायनिक) | 13 यूआर-07 ईडब्लूएस-01 ओबीसी (एनसीएल)-03 एससी-01 एसटी-01 | 35वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 23 | पर्यवेक्षक (सिविल) | 06 यूआर-03 ओबीसी(एनसीएल)-02 एससी-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 24 | फोरमैन (मैकेनिकल) | 12 यूआर-06 ईडब्लूएस-02 ओबीसी (एनसीएल)-02 एससी-02 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 25 | फोरमैन (खनन) | 20 यूआर-10 ईडब्ल्यूएस-02 ओबीसी (एनसीएल)-05 एससी-02 एसटी-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 26 | फोरमैन (सर्वेक्षण) | 03 (यूआर) | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 27 | फोरमैन (इलेक्ट्रिकल) | 13 यूआर-07 ईडब्लूएस-01 ओबीसी(एनसीएल)-04 एससी-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 28 | फोरमैन (इंस्ट्रूमेंटेशन) | 04 यूआर-03 ओबीसी(एनसीएल)-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 29 | एससी.सहायक-सी (सीआर एंड डी/एचपीयू) | 05 यूआर-04 एससी-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |
| 30 | एससी.सहायक-सी (भौतिकी) | 02 यूआर-01 ओबीसी(एनसीएल)-01 | 35 वर्ष | 05 वर्ष | Rs.30000-120000/-(E0) | Rs.809256/- |

इस विज्ञापन का पूरा पाठ हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18.08.2023 को 17.00 बजे है।

सीबीसी 48134/12/0012/2324

# करमन ने जीता आईटीएफ डब्ल्यू60 का खिताब



**एजेंसी। इवान्सविल**
भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी ने यहां आयोजित आईटीएफ डब्ल्यू60 इवान्सविल के फाइनल में यूक्रेन की यूलिया स्तारोदुब्तसेवा को हराकर एकल खिताब जीत लिया है। राउंडग्लास अकादमी की करमन ने रविवार को हुए फाइनल में अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-1 से मात दी। इस जीत के साथ करमन सानिया मिर्जा के बाद अमेरिका में प्रो खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला बन गयीं। करमन ने फाइनल तक पहुंचने के लिये पहले राउंड में मेक्सिको की मारिया फर्नांडा नवारो और दूसरे राउंड में अमेरिका की मारिबेला जमारिप्पा को हराया था।

क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की वाइल्ड कार्ड प्रवेशी एली किक को सीधे सेटों में हराने के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को मात दी थी। करमन वर्तमान में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 261वें स्थान पर हैं और देश की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में कनाडा के सास्काटून चैलेंजर डब्ल्यू60 की युगल स्पर्धा और अमेरिका में आयोजित डब्ल्यू60 सुमेर पाल्मेटो प्रो ओपन की एकल स्पर्धा में उपविजेता रही थीं। करमन राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक और कोच आदित्य सचदेवा एवं उनकी टीम के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं।

कोच सचदेवा ने कहा, दो बार उपविजेता रहने के बाद यह जीत करमन का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये एक अच्छे समय पर आई है क्योंकि वह अमेरिकी ओपन में जगह बनाने के लिये खुद को तैयार कर रही हैं। उनका हालिया फॉर्म उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इस फॉर्म को बनाए रख सकेंगी।

# जोकोविच ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम लिया वापस



**एजेंसी। ओंटारियो (कनाडा)**
23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने थकान को कारण बताते हुए अगले महीने होने वाले टोरंटो मास्टर्स, कनाडा के एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने ये घोषणा की है। सर्बियाई खिलाड़ी ने कनाडा का एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट चार बार जीता है। आखिरी बार उन्होंने 2018 में टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट वेबसाइट ने जोकोविच के हवाले से कहा, मैंने हमेशा कनाडा में अच्छा समय बिताया है, लेकिन अपनी टीम के साथ बात करने के बाद, हमें लगता है कि यह सही निर्णय है। मैं इस निर्णय को समझने के लिए टूर्नामेंट निदेशक कार्ल हेल को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे वास्तव में कनाडा और टोरंटो में महान दर्शकों के सामने खेलने के अन्य अवसर मिलने की उम्मीद है। सर्बियाई खिलाड़ी विंबलडन का फाइनल कार्लोस अल्कराज से हार गए थे। जोकोविच के हटने से यह तय हो गया है कि अमेरिकी क्रिस्टोफर यूबैंक्स को मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिल जाएगा। ग्रीष्मकालीन हार्ड-कोर्ट सीजन का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 कार्यक्रम 7 अगस्त से शुरू हो रहा है।

# एशियाई खेलों में पदार्पण करेगी भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय सॉफ्टबॉल संघ (एसबीएआई) ने सोमवार को 16 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की जो चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में पदार्पण करेगी। चीन में 23 सितंबर से शुरू हो रहे खेलों में सॉफ्टबॉल पदार्पण करेगा। एसबीएआई ने बताया कि टीम, एक स्टैंडबाय और तीन रिजर्व का चयन संभावित खिलाड़ियों की सूची में से ट्रायल के बाद किया गया। दिल्ली में जून जुलाई में दो सप्ताह का कोचिंग सह ट्रायल शिविर लगाया गया था। भारतीय महिला टीम की एशियाई चैम्पियनशिप में लगातार भागीदारी को देखते हुए सॉफ्टबॉल एशिया ने उसे वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया। इसे फरवरी में सॉफ्टबॉल एशिया की कार्यकारी समिति ने मंजूरी दी। एसबीएआई अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, एशियाई खेलों में भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम के भाग लेने से हमारे खिलाड़ियों को उपमहाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। इससे खेल की लोकप्रियता भी बढ़ेगी।'

# दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका की पहली पारी 166 रन पर सिमटी

### अबरार-नसीम की शानदार गेंदबाजी



**एजेंसी। कोलंबो**
लेग स्पिनर अबरार अहमद (69 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज नसीम शाह (41 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सोमवार को यहां चाय के विश्राम से पहले श्रीलंका की पहली पारी को 166 रन पर समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का श्रीलंका का फैसला गलत साबित हो गया। बारिश के कारण मैच एक घंटा विलंब से शुरू हुआ लेकिन शुरू होते ही सलामी बल्लेबाज निशान मदुशंका (4) तीसरे ओवर में रन आउट हो गए। कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने शाहीन अफरीदी की गेंद कवर में खेली और रन लेने के लिये दौड़े लेकिन शान मसूद के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी जबकि मदुशंका क्रीज तक नहीं पहुंचे थे। कुसल मेंडिस छह रन बनाकर अफरीदी की गेंद पर कवर में कैच दे बैठे। नसीम शाह ने एंजेलो मैथ्यूज (नौ) और करूणारत्ने (17) को लगातार दो ओवरों में आउट किया। श्रीलंका ने 36 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। धनंजय डिसिल्वा और दिनेश चांदीमल ने पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके श्रीलंका को मैच में वापसी कराने की कोशिश की। नसीम ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान चांदीमल को 34 रन पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डिसिल्वा 57 रन बनाकर अबरार का शिकार बने। इन दोनों की साझेदारी टूटने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाज फिर से मैच पर हावी हो गए। रमेश मेंडिस (27) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम के स्कोर को 160 के पार पहुंचाया। श्रीलंका का आखिरी विकेट गिरने के साथ ही चाय के विश्राम की घोषणा कर दी गयी। दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान 1-0 से आगे है।

# भारतीय महिला-पुरूष टीमों की नजरें स्पेन में अच्छे प्रदर्शन पर



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला और पुरूष हॉकी टीमें स्पेन के टेरासा में मंगलवार से शुरू हो रहे स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगी। टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष टीम का सामना इंग्लैंड, नीदरलैंड और मेजबान स्पेन से होगा जबकि महिला टीम इंग्लैंड और स्पेन से खेलेगी। पुरूष टीम के लिए यह टूर्नामेंट तीन से 12 अगस्त तक चेन्नई में होने वाली हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारी का सुनहरा अवसर है। उसके बाद चीन के हांगझोउ में एशियाई खेल होने हैं। भारतीय पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, स्पेन में टूर्नामेंट से हमें कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा। इससे हमें पता चलेगा कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है जिससे एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों की तैयारी पुख्ता होगी।' दूसरी ओर महिला टीम की कप्तान सविता ने कहा, स्पेन दौरे से हमें एशियाई खेलों की तैयारी में मदद मिलेगी। वहां फोकस रणनीति पर अमल करने और टीम भावना के साथ अच्छे प्रदर्शन पर होगा।' उन्होंने कहा, हम अपनी शैली में खेलेंगे लेकिन पिछले दौरे की कमियों की भरपाई भी करेंगे।'

# विश्व तैराक : नटराज सेमीफाइनल में चूके



**फुकुओका (जापान)।** भारत के शीर्ष तैराक श्रीहरि नटराज मौजूदा सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालने के बाद बावजूद सोमवार को यहां विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। एशियाई खेलों में भाग लेने वाले तैराक ने 55.26 सेकेंड का समय निकाला और अपनी हीट में अंतिम और कुल मिलाकर 31वें स्थान पर रहे। सात हीट में शीर्ष 18 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे। बाईस साल के नटराज ने मार्च में 'सिंगापुर नेशनल एज ग्रुप' में 55.60 सेकेंड के प्रयास से स्वर्ण पदक के साथ अपने सत्र की शुरूआत की थी। उन्होंने इसके बाद मई में मोनाको के 'मारे नोस्ट्रम स्विम टूर' में 55.29 सेकेंड का समय लिया था। सौ मीटर बैकस्ट्रोक नटराज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकेंड का है, जिससे कर्नाटक इस के तैराक ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक 'ए' कट हासिल किया था।

# मिडफील्डर जयेश राणे मुंबई एफसी अंडर-18 में हुए शामिल



**एजेंसी। मुंबई**
मुंबई सिटी एफसी ने बेंगलुरु एफसी से ऋण पर 2023-24 सीजन के अंत तक मिडफील्डर जयेश राणे को क्लब में शामिल किया है। मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े जयेश ने मुंबई एफसी अंडर-18 टीम के साथ अपनी यात्रा शुरू की। उन्होंने 2012 में मुंबई एफसी की सीनियर टीम के साथ पेशेवर फुटबॉल में कदम रखा। आई-लीग में प्रभावित करने के बाद, उन्हें 2014 में उद्घाटन आईएसएल ड्राफ्ट में नामित किया गया था और चेन्नईयिन एफसी द्वारा ड्राफ्ट किया गया। जयेश ने 2015 में चेन्नईयिन के साथ आईएसएल खिताब जीता। जयेश ने अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखा और 2017 में आइजोल एफसी के साथ आई-लीग का खिताब जीता और 2019-20 में एटीके के साथ विजेता बनने के बाद आईएसएल जीतने की उल्लेखनीय उपलब्धि दोहराई। जयेश ने 2021-22 सीजन से पहले बेंगलुरु एफसी के साथ करार किया। पिच के बीच में अपनी दक्षता और अपने नाम 103 लीग मैचों के साथ, जयेश आईएसएल के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक बने हुए हैं और अब अपने गृहनगर मुंबई में वापसी कर रहे हैं। मुंबई से जुड़ने पर जयेश ने कहा, एक मुंबईकर के रूप में, मुंबई सिटी के लिए खेलने के अवसर से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। मैदान पर, मुंबई सिटी की महत्वाकांक्षाएं किसी से पीछे नहीं हैं और इसे क्लब को मिली हालिया सफलता से देखा जा सकता है। लेकिन मैदान के बाहर, मैं समझता हूं कि प्रशंसकों और शहर के लिए इस क्लब का क्या मतलब है। अपने घर और अपने लोगों का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं बेंगलुरु एफसी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और मैं यहां मुंबई सिटी में अपने समय के दौरान हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। करार पर मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा, हम जयेश को अपने साथ पाकर बहुत खुश हैं। वह एक बहुत ही अनुभवी खिलाड़ी हैं जिनके पास सफलता का ट्रैक रिकॉर्ड है और उन्हें इस बात की गहरी समझ है कि मुंबई शहर का क्या मतलब है और हम किस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस सीजन में हमारे पास बहुत सारे मैच हैं और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में गहराई हो; जयेश हमारे मिडफील्ड में गहराई और ऊर्जा लाएंगे।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज ने कहा

# मुझे जिम्मेदारियां और चुनौतियां स्वीकार है



**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**
भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में सपाट ट्रैक पर अपने पांच विकेट लेने का श्रेय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को दिया और कहा कि उन्होंने उनके सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया है।

सिराज पिछले दो साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। यह उनके विकास का श्रेय है कि भारत के टीम प्रबंधन ने उन्हें नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने पहले विदेशी असाइनमेंट पर काफी अनुभवहीन तेज गेंदबाजी टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना, जबकि शमी और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया। रविवार को सिराज ने दिखाया कि टीम प्रबंधन ने उन्हें जिम्मेदारी क्यों दी और उन्हें कठिनाइयों का आनंद क्यों मिलता है। ऐसी सतह पर जहां तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम जगह थी, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार गेंदबाजी की और सपाट ट्रैक पर 5 विकेट लेकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी की। मोहम्मद सिराज ने चौथे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, सपाट ट्रैक पर पांच विकेट लेना आसान नहीं है। इसका श्रेय सोहम (देसाई) भाई को जाता है, जिन्होंने मेरी फिटनेस पर अथक परिश्रम किया है। मैं लगातार मैच खेल रहा हूं और वह सुनिश्चित करते हैं कि मैं फिट रहूं। गर्मी और उमस थी और बारिश के कारण हम मैदान के अंदर और बाहर जा रहे थे, एक तेज गेंदबाज के लिए खुद को संभाले रखना मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में लंबे स्पैल फेंकना भी आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, मैंने अपनी योजना को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया। ज्यादा कुछ नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने स्टंप्स टू स्टंप्स गेंदबाजी करने की योजना बनाई। बल्लेबाजों को आसानी से रन नहीं देने और चीजों को सरल बनाए रखने की योजना सरल थी। मुझे ज़िम्मेदारियां पसंद हैं। अपने कंधों पर जिम्मेदारी के साथ मैदान पर कदम रखने से मुझे अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है और यह चुनौतीपूर्ण भी है और मुझे चुनौतियों को स्वीकार करना पसंद है।

भारत ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए कुल 365 रनों का लक्ष्य रखा है, जबकि मेजबान टीम ने पोर्ट ऑफ स्पेन में चौथे दिन के अंतिम सत्र में दो विकेट खो दिए। दिन के खेल खत्म होने पर वेस्टइंडीज ने 2 विकेट पर 76 रन बना लिए हैं। तेगनारायन चंद्रपॉल (24*) और जर्मेन ब्लैकवुड (20*) क्रीज पर मौजूद हैं।

सिराज ने दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों नवोदित मुकेश कुमार और ईशान किशन की तारीफ की। ईशान ने भारत की दूसरी पारी में 34 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। सिराज ने कहा,"जिस तरह से विकेट टर्न ले रहा है, मुझे लगता है कि ऐश (अश्विन) भाई विपक्षी टीम को जल्द ही धराशायी कर देंगे।" उन्होंने कहा, मुकेश कोई नया खिलाड़ी नहीं है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में मुश्किल विकेटों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। रणजी ट्रॉफी में विकेट लेना आसान नहीं है क्योंकि ज्यादातर समय आप सपाट विकेट पर खेलते हैं। उन्होंने अपनी नसों को असाधारण रूप से अच्छी तरह से नियंत्रित किया है और उन्होंने अपनी योजनाओं को खूबसूरती से क्रियान्वित किया है।

### एशेज 2023 | वॉन ने एंडरसन के प्रदर्शन पर उठाए सवाल, कहा-

# टीम को गंवाना पड़ सकता मैच



**एजेंसी। नई दिल्ली**
एशेज 2023 के चौथे मैच में इंग्लैंड टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के चयन के परिणामस्वरूप बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन नहीं किया क्योंकि मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी चौथे टेस्ट के लिए एंडरसन के चयन पर सवाल उठाया और कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने से घरेलू टीम को मैच गंवाना पड़ सकता है।

वॉन ने कहा, 'हम सभी सहमत हैं कि जेम्स एंडरसन उस चयन के हकदार थे क्योंकि वह खेल के दिग्गज हैं, लेकिन इसका खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ सकता है, जोश टोंग्यू एक युवा तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने द्वारा खेले गए एक खेल में प्रभाव पैदा किया है और मुझे पता है कि आस्ट्रेलियाई उनका सामना करना पसंद नहीं करते हैं।' 'जिम्मी ने इस श्रृंखला में जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। मुझे याद नहीं है कि उन्हें किसी भी चरण में महत्वपूर्ण विकेट मिला हो और यह जिमी एंडरसन से बिल्कुल अलग है।'

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने अंत में कहा, 'हम जॉनी [बेयरस्टो] को चुनते हैं क्योंकि उन्होंने कुछ मौके गंवाए हैं लेकिन हमें ईमानदार रहना होगा, जिमी एंडरसन ने तीन मैच खेले हैं और इस श्रृंखला में उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और यह हो सकता है कि ओवल के लिए वह इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ एकादश में न हों।'

सीरीज में एंडरसन के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने मैनचेस्टर टेस्ट में अपने 20 ओवर के स्पेल में एक विकेट लिया था जो पैट कमिंस का था। जबकि सीरीज में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने शुरूआती दो मैचों में 226 रन देकर केवल तीन विकेट हासिल किए। निश्चित रूप से इस उम्र में अगर एंडरसन प्रदर्शन नहीं रखते हैं तो उनके चयन पर सवाल उठाए जाएंगे, लेकिन क्या इस अनुभवी तेज गेंदबाज को बाहर किया जाएगा या वह संन्यास ले लेंगे? एंडरसन निश्चित रूप से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टंग्यू जैसे युवा तेज गेंदबाज अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं, जिससे अनुभवी तेज गेंदबाज पर टीम में अपनी जगह बनाए रखने का अतिरिक्त दबाव होगा।

एशेज 2023 की बात करें तो पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने ट्रॉफी बरकरार रखी है क्योंकि चौथा टेस्ट बारिश के कारण पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। वर्तमान में मेहमान पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-1 से आगे चल रहे हैं। सीरीज का आखिरी और पांचवां टेस्ट 27 जुलाई से ओवल में खेला जाएगा।

